18 Mar -26 page 1 17-03-26 10:25 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। बुधवार 18 मार्च -2026 ● वर्षः 11 अंकः 84 पेज-10 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्यः ₹3







# सांसद अतुल गर्ग ने रखी लोकसभा में ट्रेनों के ठहराव की मांग
## कहा, सेना की जमीन पर बने दिल्ली का सेटेलाईट स्टेशन गाजियाबाद में



**लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि आज 20-25 ट्रेनें ऐसी हैं जो दिल्ली से चलती हैं और बिहार और पूर्वांचल जाती हैं। लेकिन ये ट्रेने गाजियाबाद में नहीं रूकती हैं। यदि इन ट्रेनों का ठहराव गाजियाबाद में हो तो लगभग 20 से 25 हजार यात्रियों को दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग सांसद बनने के बाद से ही अपने लोकसभा क्षेत्र में जनसुविधाओं के लिए लगातार आवाज उठा रहे हैं, प्रयास कर रहे हैं। वो आसमान से लेकर जमीन तक यहां की जनता के लिए वो सुविधाएं चाहते हैं जिससे उनका सफर आसान हो। उन्होंने हिंडन एयरपोर्ट से डोमेस्टिक फ्लाईट की सेवा शुरू कराई और अब वो चाहते हैं कि गाजियाबाद की उस जनता को बड़ी राहत मिले जो पूर्वांचल और बिहार से हैं और उन्हें ट्रेन से सफर करने के लिए दिल्ली जाना पड़ता है। सांसद अतुल गर्ग लोकसभा में बात रखी। उन्होंने कहा कि एनसीआर का गठन ही इसलिए हुआ था कि दिल्ली में भीड़ बढ़ रही है तो दिल्ली को डिसेंट्रलाईज किया जाये। इसलिए दिल्ली केपिटल रीजन का निर्माण हुआ था। 25 साल पहले एनसीआर की स्थापना के पीछे यही सोच थी और ये बोर्ड बनाया गया था। उद्देश्य यही था कि दिल्ली को डिसेंट्रलाईज किया जाये।

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि आज 20-25 ट्रेने ऐसी हैं जो दिल्ली से चलती हैं और बिहार और पूर्वांचल जाती हैं। लेकिन ये ट्रेने गाजियाबाद में नहीं रूकती हैं। उन्होंने कहा कि यदि इन ट्रेनों का ठहराव गाजियाबाद में हो तो लगभग 20 से 25 हजार यात्रियों को दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा। लोकसभा में सांसद अतुल गर्ग ने ये मांग उठाई कि गाजियाबाद को दिल्ली का सेटेलाईट रेलवे स्टेशन बनाया जाये। कई ट्रेनें जो बिहार और पूर्वांचल को जाती हैं वो यहीं से चलें। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि मेरी इस संबंध में जिलाधिकारी और मंडलायुक्त से भी बात हुई है। उन्होंने कहा है कि यदि निर्देश मिले तो यहां 500 एकड़ जमीन सेना की है जिस पर स्टेशन बन सकता है और उसके बदले दूसरी जगह जमीन दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से चलने वाली ट्रेनों का ठहराव यहां हो जाये, या इन ट्रेनों का संचालन ही गाजियाबाद में बने। दिल्ली के सेटेलाईट रेलवे स्टेशन से हो तो काफी सुविधा होगी। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने उदाहरण देते हुए सराह रूहेला और आनंद विहार जैसे रेलवे स्टेशन की बात बताई। उन्होंने कहा कि ये सेटेलाईट स्टेशन के रूप में काम करते है। मेरा सुझाव और निवेदन है कि गाजियाबाद में भी यदि ऐसा सेटेलाईट रेलवे स्टेशन बन जाये तो एक बड़ी सुविधा होगी और दिल्ली में भी भीड़ कम होगी।

### सांसद अतुल गर्ग ने क्यों कहा करनी चाहिए अच्छी बात की तारीफ

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने गाजियाबाद की बात उठाई और सदन में कहा कि सदन के अंदर रेलवे की परफोर्मेंस के लिए सत्ताधारी दल ने खुलकर अपनी बात रखी और परफोर्मेंस की तारीफ की। लेकिन विरोधियों ने भी बड़े संकोच के साथ अटकते हुए थोड़ी बहुत तारीफ की। उन्होंने कहा कि बड़े दुख की बात है कि कुछ सदस्यों ने बहुत कठोरता के साथ बिना 2014 से पहले के आंकड़ों की स्थिति बनाते बिना, बिना तुलना किये निर्ममता के साथ, क्रूरता के साथ आरोप भी लगाये। रेलवे की परफोर्मेंस का कोई जिक्र नहीं किया। एक सदस्य ने तो यहां तक कह दिया कि प्रयागराज से हमारे तीन-तीन प्रधानमंत्री आते हैं और रेलवे ने कुछ नहीं किया। मेरा कहना ये है कि सदन को पंचायत कहते हैं, लोकतंत्र का मंदिर करते हैं लेकिन क्या इन पंचायतों में केवल बुराई करने के लिए हैं। क्या अच्छी बात को कहने से कोई नुकसान है। क्या राजनीतिक रूप से हम ऐसे हो गये कि अच्छी बात को भी अच्छा नहीं कर रहे हैं।

### रेलवे के कुंभ मैनेजमेंट की सफलता पर हो रिसर्च

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने रेलवे की परफोर्मेंस को लेकर प्रशंसा की और कहा कि 60 करोड़ लोगों ने कुंभ में स्नान किया। ये रेलवे का परफोर्मेंस था कि 200 से 300 ट्रेनें रोजाना चलती थीं। रेलवे का जो परफोर्मेंस है वो दुनिया के किसी इतिहास में इतना बड़ा सिस्टम नहीं देखने को मिलता है। कहीं ऐसा उदाहरण नहीं मिलता। मेरे हिसाब से तो इस पर रिसर्च होना चाहिए कि ये कैसे संभव हुआ है। मैनेजमेंट कॉलेजों में इसे पढ़ाया जाना चाहिए और इस पर रिसर्च होना चाहिए।

# ब्लैक स्पॉट सुधार के सख्त निर्देश, हादसा पीड़ित की मदद पर 25 हजार रुपए इनाम



### कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ के निर्देशन में एडीएम सिटी विकास कश्यप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद के चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

एडीएम सिटी ने 'राहवीर योजना' के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त डिवाइडर और रेलिंग की मरम्मत तत्काल कराई जाए, जिससे सड़क हादसों पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। बैठक में एआरटीओ, यातायात पुलिस, जीडीए, एनसीआरटीसी, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, एनएचएआई, स्वास्थ्य विभाग, रोडवेज और ट्रक यूनियन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।






18 Mar -26 page 2 17-03-2026 8:13 PM Page 1





















दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली | बुधवार 18 मार्च -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित





## महानगर की भाजपा टीम में हुआ है जातीय फैक्टर पर पूरा काम

# सबसे ज्यादा ब्राह्मण फिर ठाकुर और फिर त्यागी चेहरों के नाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा की महानगर टीम घोषित हो गई। ये वो टीम थी जिसका एक साल से इंतजार हो रहा था।

महानगर अध्यक्ष के रूप में मयंक गोयल लगभग एक साल से पुरानी टीम से काम चला रहे थे। इस टीम को लेकर दावेदारी का पूरा ऊफान था। सोमवार को जब टीम आई तो सभी की निगाहें इस पर थी। टीम को देखने पर ही ये पता चल रहा है कि यहां जातिगत फैक्टर पर काम हुआ है। यहां पर महानगर की टीम में सबसे ज्यादा ब्राह्मण चेहरों को मौका मिला है। यहां पर जातीय संतुलन साधा गया है और इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि मेहनती कार्यकर्ताओं को मौका मिले। ब्राह्मण चेहरों की बात करें तो महामंत्री वाले फ्रेम में पंकज भारद्वाज का नाम है। मंत्री वाले सीन में अनीता शर्मा को मौका मिला है। यहां पर अमित रंजन को उपाध्यक्ष बनाया गया है। महानगर मीडिया संयोजक के रूप में नीरज शर्मा हैं तो सहमीडिया संयोजक के रूप में करण शर्मा को मौका मिला है।



वहीं ठाकुर फैक्टर की बात करें तो यहां एक बार फिर रनिता सिंह को महानगर उपाध्यक्ष बनाया गया है। रनिता सिंह ठाकुर कोटे का भी नाम है और महिला कोटे से भी उनकी दावेदारी पूरी हुई है। ठाकुर फैक्टर की बात करें तो यहां भानू सिसौदिया को मौका मिला है। एक नाम ठाकुर फैक्टर से रिक्त हो गया है और ये नाम ज्योति चौहान का है। उन्हें नामित पार्षद भी बनाया गया है। ठाकुर फैक्टर में सोनू भाटी राजपूत का भी नाम है।

यहां त्यागी चेहरों की बात करें तो सबसे पहला नाम बॉबी त्यागी का है। उन्हें महानगर उपाध्यक्ष बनाया गया है। यहां महानगर मंत्री के रूप में राम त्यागी को स्थान मिला है और अगर भूमिहार फैक्टर की बात करेंगे तो प्रीति चंद्रा राय महानगर मंत्री बनी हैं।

### सभी वर्गों का रखा गया है ध्यान

करंट क्राइम। नामों में कम ज्यादा का सीन हो सकता है लेकिन कमेटी को पूरी तरह बेलेंस रखा गया है। यहां बाल्मीकि चेहरों को भी स्थान मिला है और इस लिस्ट में पुराने कार्यकर्ता प्रदीप चौहान को महामंत्री बनाया गया है और इसी तरह राजन आर्य बाल्मीकि को उपाध्यक्ष बनाया गया है। गुर्जर चेहरों में सचिन डेढ़ा युवा मोर्चा से आये हैं। विनोद कसाना को महानगर उपाध्यक्ष बनाया गया है। पंजाबी समाज से गौरव चौपड़ा को महानगर की टीम में लिया गया है। इसी समाज से साक्षी नारंग को भी स्थान मिला है और प्रलहाद दुआ भी टीम में लिये गये हैं। कश्यप समाज से ललित कश्यप का नाम है।

### जब परिचय बैठक में भावुक हो गये कई चेहरे

करंट क्राइम। भाजपा में एक परिपाटी है जब नए संगठन का निर्माण होता है तो उसमें चेहरे पुराने होते हैं तो सब उसमें अपने नवीन दायित्व के साथ परिचय देते हैं। मंगलवार को महानगर भाजपा कार्यालय पर बैठक हो रही थी और इस बैठक में कई चेहरे परिचय के दौरान भावुक हो गये। इनमें से कुछ चेहरों को लंबे समय के बाद मौका मिला था तो कुछ नया दायित्व मिलने पर अभिभूत थे। यहां पर पूर्व पार्षद प्रदीप चौहान ने महामंत्री बनने के बाद जब परिचय बैठक में अपना परिचय दिया तो वो भावुक हो गये और उनके आंसू छलक आये। किसी तरह उन्होंने अपनी भावनाओं पर काबू पाया और अपना परिचय दिया। यहां पर इमोश्नल वाले सीन में भाजपा के पूर्व युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष गौरव चौपड़ा तो ज्यादा ही इमोश्नल हो गये और वो अपने आसुंओं पर भी काबू नहीं कर पाये। गौरव चौपड़ा को महामंत्री बने हैं। गौरव चौपड़ा काफी भाव विहल हो गये और फिर उन्हें महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने भावनात्मक सहारा दिया। यहां इमोश्नल होने वालों में महानगर टीम में मंत्री बनाई गईं प्रीति चंद्रा राय भी थीं। प्रीति चंद्रा राय पुरानी कार्यकर्ता हैं और जब उनका भी परिचय देने का नंबर आया तो वे भी भावुक हो गईं। उनकी भी आंखें गीली हो गईं। यहां पर भावुक होने वाले सीन में केवल महामंत्री और मंत्री नहीं रहे। बल्कि महानगर मीडिया संयोजक पद पर आसीन हुए प्रहलाद दुआ भी अपने आंसू नहीं रोक सके और वो भी परिचय बैठक में यह कहकर भावुक हो गये कि पार्टी ने हम जैसे साधारण कार्यकर्ता को भी मौका दिया है। इमोश्न का ये सीन अंदर से लेकर बाहर तक चलता रहा। लगभग सभी चेहरे इस मौके पर संगठन की कृपा से अभिभूत थे और भावुक थे।

### महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने दी सभी को पदाधिकारियों को बधाई

करंट क्राइम। परिचय बैठक के बाद एक कप्तान के रूप में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने माईक संभाला। उन्होंने अपनी टीम के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी मेहनती हैं, समर्पित हैं। हम सब एक परिवार की तरह काम करेंगे और अपना शत प्रतिशत योगदान देंगे। अध्यक्ष मयंक गोयल ने सभी पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए एक एहसास कराया कि हर पदाधिकारी, हर कार्यकर्ता उनके लिए बेहद खास है।

### केवल दो चेहरों को मिला मौका बाकी नहीं हुए रिपीट

करंट क्राइम। संगठन की टीम घोषित होने से पहले इस बात की प्रबल चर्चा थी कि पहले वाली लिस्ट में से 50 प्रतिशत चेहरे रिपीट होंगे। कुछ नामों पर मुहर लगनी तय बताई जा रही थी। करंट क्राइम ने पहले ही प्रकाशित कर दिया था कि इस बार कई अध्यक्षों के साथ पारी खेल चुके चेहरे रिपीट नहीं होंगे। ठीक वैसा ही हुआ जब महानगर की टीम घोषित हुई तो केवल दो चेहरों को मौका मिला। इनमें उपाध्यक्ष पद पर बॉबी त्यागी और रनीता सिंह को ही रिपीट किया गया है। अन्य किसी चेहरे को मौका नहीं मिला।

### सारे महामंत्री हो गये नई लिस्ट से आउट

करंट क्राइम। उपाध्यक्ष पद पर रिपीट वाला सीन बना। लेकिन यहां महामंत्री वाले सीन में सारे चेहरे आउट हो गये। किसी भी चेहरे को मौका नहीं मिला। महानगर महामंत्री के रूप में लगातार पारी खेल रहे राजेश त्यागी को फिर से महामंत्री बनने का अवसर प्राप्त नहीं हुआ। लगातार पारी वाले सीन में सुशील गौतम भी इस बार टीम में स्थान नहीं बना सके हैं। भगवा कमांडर के करीबी मित्र पप्पू पहलवान को भी मौका नहीं मिला है और वो भी टीम से आउट हो गये। इसी तरह गोपाल अग्रवाल भी फिर से महामंत्री पद पर रिपीट नहीं हुए हैं। महामंत्री वाले सीन में तीनों चेहरे नए हैं।

## 22 मार्च को केसी त्यागी ले सकते हैं कोई अहम फैसला

### देश की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करने के लिए बुलाई बैठक में छुपा है ये राज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केसी त्यागी देश की राजनीति की एक बड़ी शख्सियत रहे हैं। बौद्धिक चिंतक वाले नेताओं में गिनती होती है। गाजियाबाद से उनका पैत्रक जुड़ाव है।



बीते दिनों कुछ राजनीतिक उठा पटक की खबरें थी और इन सबके बीच जो खबर है वो ये है कि केसी त्यागी ने 22 मार्च को देश की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करने के लिए दिल्ली में मालवणकर हॉल, रफी मार्ग पर एक समान विचारधारा वाले लोगों की बैठक बुलाई है।

केसी त्यागी की इस बैठक को लेकर ये अनुमान लगाया जा रहा है कि अब राजनीति में वो कोई बड़ा फैसला लेने जा रहे हैं। इस बैठक को उनके सियासी कैरियर की भी एक अहम बैठक माना जा रहा है। यहां से अंदाजा लगेगा कि केसी त्यागी अब अगल राजनीतिक कदम क्या उठायेंगे। उन्होंने पत्र में लिखा भी है कि मेरी आगे की रणनीति जल्द ही मेरे सभी करीबी लोगों से परामर्श करके तय की जायेगी।यहां वो किस विचारधारा वाले दल में जा सकते है, उसे लेकर पत्र में लिखे महापुरूषों के नाम से एक अंदाजा लग रहा है। यहां पहला नाम उन्होंने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह का लिखा है तो दूसरा नाम डॉ राम मनोहर लोहिया और तीसरा नाम भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर का लिखते हुए ये लिखा है कि इनके विचारों और विचारधारा से हम प्रेरित होते रहे हैं।

बैठक की सूचना देते हुए केसी त्यागी ने जेडीयू के गठन का जिक्र किया और ये भी बताया कि 2003 को समता पार्टी और जनता दल के विलय से जेडीयू का गठन 30 अक्टूबर को हुआ। पार्टी के अध्यक्षों का जिक्र किया है। अपने महासचिव, मुख्य प्रवक्ता और राजनीतिक सलाहकार होने का जिक्र किया है।

जार्ज फर्नांडिस से लेकर नीतिश कुमार के अध्यक्ष होने का जिक्र किया है। ये भी कहा है कि अब पार्टी का सदस्यता अभियान समाप्त हो गया है और इस बार मैंने पार्टी की सदस्यता का नवीनीकरण नहीं कराया है। नीतिश कुमार के प्रति अपने व्यक्तिगत सम्मान की बात करते हुए लिखा है कि वो लगभग आधी सदी तक मेरे साथी रहे। वह भी अपरिवर्तित हैं। अब केसी त्यागी जब अपने साथियों के साथ राजनीतिक चर्चा कर रहे हैं तो ये सीधा सा संदेश है कि कोई बड़ा फैसला वो लेने जा रहे हैं।

वो कौन से राजनीतिक दल में जा रहे हैं। इसका खुलासा भी 22 मार्च को हो जायेगा। लेकिन ये तय माना जा रहा है कि केसी त्यागी 22 मार्च को अपनी सियासत से जुड़ा कोई बड़ा फैसला लेंगे। जेडीयू की सदस्यता और इस्तीफा दोनों को लेकर स्थिति स्पष्ट करेंगे। बहरहाल अब उनके 22 मार्च वाले कार्यक्रम को लेकर सियासत में चर्चा है।

## क्या हो गई मैडम चौहान के नाम को लेकर गलती से मिस्टेक

### कैबिनेट मंत्री ने जब संगठन वाले पद में रिक्त स्थान वाली लिस्ट की अपडेट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा में एक व्यक्ति एक पद का सिद्धान्त है। हालांकि अपवाद सभी जगह होते हैं और सोमवार की शाम जब महानगर संगठन और नामित पार्षदों की लिस्ट जारी हुई तो यहां एक नाम पर डबल कृपा हो गई। ये गलती से मिस्टेक थी या क्या था, ये तो संगठन बेहतर जानता है लेकिन हुआ ये कि भाजपा की ज्योति चौहान को संगठन वाली लिस्ट में भी स्थान मिला और उन पर सरकारी कृपा भी हो गई।

ज्योति चौहान भाजपा की महिला नेता हैं। भाजपा की महानगर टीम वाली लिस्ट में 15वें स्थान पर महानगर मंत्री के रूप में ज्योति चौहान का नाम था। ये लिस्ट 16 मार्च की शाम को घोषित हुई और लिस्ट में ट्विस्ट तब आ गया जब नामित पार्षदों की भी घोषणा हो गई। यहां भी ज्योति चौहान पर कृपा हो गई और दूसरे नंबर पर ज्योति चौहान का नाम नामित पार्षदों वाले सीन में आ गया।


भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश
महानगर कार्यसमिति घोषणा


भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश
महानगर कार्यसमिति घोषणा

ये कैसे हुआ ये संगठन वाले बता सकते हैं, ये सरकार वाले बता सकते है। लेकिन अब जब ये लिस्ट बाहर आई है तब उस पर रार होना तय है क्योंकि अगले दिन मंगलवार को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने एक लिस्ट अपडेट की। हालांकि इस पर भी 16 मार्च की डेट है लेकिन ये लिस्ट थोडी अपडेट है में इसमें 15 वां नंबर रिक्त हो गया है। यहां से ज्योति चौहान का नाम हटा दिया है उस नाम के आगे रिक्त लिखा गया है। नामित वाली लिस्ट में ज्योति चौहान बनी हुई हैं। कैबिनेट मंत्री ने लिस्ट अपडेट कर दी है और अब संगठन में मंत्री पद रिक्त हो गया है।

ऐसे में ये माना जा रहा है कि इस रिक्त पद के लिए पूरे जोर लगाये जायेंगे। यहां अब कोर का भी नाम आ सकता है यहां जिस भी नाम को अब मौका मिलेगा, उस पर सभी की निगाह है।

कौन ऐसा कार्यकर्ता होगा जिसे मंत्री पद मिलेगा। नामों को लेकर चर्चा शुरू हो गई है और जल्द ही इस पर फैसला आ जायेगा। फिलहाल लिस्ट अपडेट होने के बाद अब सभी की निगाहें प्रदेश और क्षेत्र वाले सीन पर हैं। वहां से मिलने वाले संभावित निर्देशों पर है। कैबिनेट मंत्री के लिस्ट अपडेट करने के बाद अब कहानी में रोचक मोड़ आ गया है।

## देश सेवा में CRPF और BSF के अधिकारियों ने दिया सर्वोच्च बलिदान

### पदोन्नति में सबसे पीछे: 15 साल से पहली पदोन्नति को तरस रहे 'असिस्टेंट कमांडेंट'

**नई दिल्ली:** देश की सीमाओं की रक्षा और आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के कैडर अधिकारियों ने शौर्य की एक ऐसी इबारत लिखी है, जो गर्व और गम दोनों का अहसास कराती है। एक ओर जहाँ आतंक, नक्सलवाद और सीमा पर दुश्मनों से लोहा लेते हुए अब तक 150 कैडर अधिकारियों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, वहीं दूसरी ओर इन्हीं अधिकारियों को विभाग के भीतर पदोन्नति के लिए दशकों लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।




आधिकारिक आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि देश की रक्षा में शहीद होने वाले अधिकारियों में सबसे बड़ी संख्या सीमा सुरक्षा बल की है, जिसके 85 अधिकारियों ने शहादत दी। इसके बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 60 कैडर अधिकारी राष्ट्र की वेदी पर न्योछावर हुए, जबकि सशस्त्र सीमा बल के 5 अधिकारियों ने भी वीरगति प्राप्त की। शहादत के इस ग्राफ में सबसे चिंताजनक और गौरवपूर्ण तथ्य यह है कि शहीद होने वालों में 'असिस्टेंट कमांडेंट' रैंक के अधिकारियों की संख्या सर्वाधिक है। ये वे युवा अधिकारी हैं जो सीधे मोर्चे पर टुकड़ियों का नेतृत्व करते हैं। एक तरफ जहाँ ये अधिकारी गोलियों का सामना कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ प्रशासनिक उपेक्षा उनके करियर को लील रही है। वर्तमान में एक असिस्टेंट कमांडेंट को अपनी पहली पदोन्नति (डिप्टी कमांडेंट) पाने में ही 15 से 16 साल का समय लग रहा है।

बीएसएफ के पूर्व एडीजी एस.के. सूद ने इस स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, ²यदि अधिकारी को 15 साल में पहली पदोन्नति मिलेगी, तो वह अपने पूरे करियर में कमांडेंट से आगे नहीं बढ़ पाएगा। ऐसे में अनुभवी कैडर अफसरों का डीआईजी या आईजी जैसे नेतृत्वकारी पदों पर पहुँचना नामुमकिन हो जाएगा

10वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट ठाकुर भवानी सिंह ने 1964 में श्रीनगर में शहादत दी थी। वहीं, 1969 में मणिपुर में असिस्टेंट कमांडेंट आर.एस. बलोट और 1970 में बंगाल में नक्सल विरोधी अभियान में सूदन सिंह शहीद हुए।

## पाकिस्तान के हवाई हमले से काबुल दहला: 400 से अधिक मौतें, 250 घायल

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने सोमवार देर रात अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में बड़ी एयरस्ट्राइक की है। इस हमले में 400 अफगानी नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 250 से अधिक घायल हैं। दारुलअमान, अरजान कीमत, खैरखाना और काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास के इलाकों में देर रात जोरदार धमाके और गोलीबारी की आवाज सुनी गई।

पाकिस्तानी वायुसेना के हमले को लेकर तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद का बयान भी सामने आया है।

### भारत ने हमले की निंदा की

भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान दोनों देशों के बीच जारी तनाव को लेकर कहा, ²भारत अफगानिस्तान के इलाके में पाकिस्तान के एयर स्ट्राइक की निंदा करता है, जिसमें कई आम लोगों की मौत हो गई और सिविलियन इंफ्रास्ट्रक्चर तबाह हो गया। यह पाकिस्तानी सरकार का एक और हमला है, जो एक आजाद अफगानिस्तान के विचार का दुश्मन बना हुआ है।

## नंदग्राम में दरिंदगी: 4 साल की मासूम से दुष्कर्म के बाद हत्या

### आइसक्रीम दिलाने के बहाने ले गया था पड़ोसी युवक, आरोपी गौरव प्रजापति पुलिस हिरासत में

### घटना से पूरे इलाके में गहरा रोष और शोक व्याप्त है

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नंदग्राम थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाली एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। घर के बाहर खेल रही एक चार वर्षीय मासूम बच्ची को बहला-फूसलाकर अगवा किया गया और दुष्कर्म के बाद उसकी नृशंस हत्या कर दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 वर्षीय आरोपी को हिरासत में ले लिया है। इस घटना से पूरे इलाके में गहरा रोष और शोक व्याप्त है।



### आरोपी ने विश्वास का उठाया फायदा

पूछताछ और प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार, मासूम बच्ची अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी गौरव प्रजापति नाम का युवक उसे आइसक्रीम दिलाने के बहाने गोद में उठाकर सुनसान स्थान पर ले गया। पिता ने आशंका जताई है कि आरोपी ने अंधेरे का फायदा उठाकर बच्ची के साथ गलत काम किया और जब उसने शोर मचाया, तो पोल खुलने के डर से भारी पत्थर से उसके सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस को बच्ची के सिर पर चोट के दो गहरे निशान मिले हैं।

### तीन बच्चों को अकेले पाल रहा था पिता

मृतक बच्ची के पिता घरों में पुताई का काम करते हैं। करीब तीन साल पहले घरेलू विवाद के चलते पत्नी के घर छोड़कर चले जाने के बाद से पिता ही अपने तीन बच्चों (11 और 7 वर्षीय बेटे और 4 साल की बेटी) का पालन-पोषण कर रहे थे।

सोमवार शाम जब मासूम अचानक लापता हुई, तो परिजन उसकी खोजबीन में जुटे थे, लेकिन रात होते-होते इस भयावह खबर ने परिवार को झकझोर कर रख दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

'घर के बाहर से अगवा कर चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म और सिर में प्रहार कर हत्या की गई है। 24 वर्षीय आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। मेडिकल रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।'



– जियाउद्दीन अहमद, एसीपी, नंदग्राम

### खाली प्लॉट में लहूलुहान मिली मासूम

एसीपी जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि सोमवार रात करीब नौ बजे डायल 112 को सूचना मिली कि एक कॉलोनी के खाली प्लॉट में चार वर्षीय बच्ची लहूलुहान और बेहोश पड़ी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची की शिनाख्त कर उसके पिता को सूचित किया। आनन-फानन में बच्ची को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मानहानि मामला: 'स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान बर्दाश्त नहीं', सुप्रीम कोर्ट की विपक्ष के नेता राहुल गांधी को सख्त चेतावनी

### शीर्ष अदालत ने सावरकर पर टिप्पणी को बताया 'गैर-जिम्मेदार', भविष्य में ऐसे बयानों पर 'स्वत: संज्ञान' कार्रवाई की दी धमकी

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने विनायक दामोदर सावरकर के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि देश को आजादी दिलाने वाले नायकों के प्रति 'गैर-जिम्मेदार बयान' देने से बचना चाहिए। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने राहुल गांधी को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ ऐसी कोई टिप्पणी की, तो अदालत उनके विरुद्ध 'स्वत: संज्ञान' कार्रवाई शुरू करेगी।

### 'आज्ञाकारी सेवक' लिखने से कोई नौकर नहीं बन जाता

सुनवाई के दौरान बेंच ने सावरकर द्वारा ब्रिटिश शासन को लिखे पत्रों के संदर्भ में ऐतिहासिक स्पष्टीकरण दिया। कोर्ट ने टिप्पणी की:

'क्या महात्मा गांधी भी वायसराय को संबोधित करते समय 'आपका आज्ञाकारी सेवक' नहीं लिखते थे? उस समय यह एक औपचारिक पत्राचार का तरीका था। इससे कोई सेवक नहीं बन जाता। कल को कोई उठकर कह देगा कि महात्मा गांधी भी ब्रिटिशों के सेवक थे।'



जस्टिस दत्ता ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जिन लोगों ने हमें आजादी दिलाई है, हम उनके साथ ऐसा व्यवहार नहीं कर सकते। उन्होंने साफ किया कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान से समझौता नहीं होगा।

**कानूनी राहत और वकील का आश्वासन :** राहुल गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट में मौखिक आश्वासन दिया कि कांग्रेस नेता भविष्य में ऐसे बयानों से परहेज करेंगे। इस आश्वासन के बाद:

सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें राहुल गांधी को मुकदमे का सामना करने के लिए तलब किया गया था।

यह रोक आईपीसी की धारा 153-ए (समूहों के बीच दुश्मनी बढ़ाना) और 505 (सार्वजनिक अशांति फैलाना) के तहत चल रहे मामले पर लगाई गई है।

### क्या है पूरा मामला?

यह विवाद नवंबर 2022 का है, जब राहुल गांधी अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान महाराष्ट्र के अकोला में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। वहां उन्होंने सावरकर के खिलाफ कथित रूप से मानहानिकारक टिप्पणी की थी। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

18 Mar -26 page 4 17-03-2026 8:17 PM Page 1



## संपादकीय

# मतदाता सूची पर सवाल

निर्वाचन आयोग की ओर से चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों की तारीख तय किए जाने के साथ ही अब वहां नए जन प्रतिनिधियों को चुने जाने की प्रक्रिया की शुरूआत हो गई है। इसके समांतर यह बहस का विषय है कि जिन जगहों पर अभी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर के बाद अंतिम सूची तैयार होना बाकी है, वहां यह कैसे सुनिश्चित होगा कि सभी पात्र मतदाताओं को मतदान का अधिकार मिले। गौरतलब है कि रविवार को पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में चुनावों की तारीखों की घोषणा कर दी गई। पश्चिम बंगाल में दो चरण और बाकी जगहों पर एक चरण में चुनाव होंगे। इसी क्रम में अलग-अलग राज्यों की आठ विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव होंगे। मतदान की तारीखों की घोषणा के साथ ही अब इन जगहों पर चुनावी आचार संहिता लागू हो गई है। मगर कई बार राजनीतिक दल मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं की घोषणा पहले ही कर देते हैं। अब तक इस प्रवृत्ति पर कोई ठोस नियंत्रण नहीं हुआ है।

असम में महिलाओं, विद्यार्थियों और चाय बागानों में काम करने वालों के लिए नकद भुगतान योजनाओं के जरिए भाजपा ने मतदाताओं के एक बड़े हिस्से का समर्थन हासिल करने के लिए मजबूत दांव खेला। हालांकि कई स्थानीय मुद्दों और विवादों पर उसे विपक्ष से चुनौती मिल सकती है। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव की घोषणा के ठीक पहले पुरोहितों और मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में पांच सौ रुपए की बढ़ोतरी के अलावा कुछ अन्य घोषणाएं कीं। ऐसे फैसलों को जनहित में बताया जाता है, लेकिन विचित्र यह है कि मतदाताओं को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं की याद सत्ताधारी पार्टियों को चुनाव सिर पर आने के बाद ही आती है।

इन चुनावों में सबसे अहम मुद्दा यह उभरा है कि कई जगहों पर मतदाता सूची का काम अभी अंतिम स्वरूप में नहीं पहुंचा है। क्या बहुत सारे लोग भी वोट देने से वंचित रह जाएंगे, जिन्हें वैध मतदाता माना जाएगा? पश्चिम बंगाल में इस बार मतदाता सूची में बदलाव पर खासा विवाद है। एसआइआर के बाद अंतिम सूची से लगभग छियासठ लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। वहीं करीब साठ लाख मतदाताओं के नाम अभी भी विचाराधीन सूची में हैं। मतदाता सूची से हटाए गए नाम, उन पर उठी आपत्तियां, सुधार के दावे आदि तमाम विवाद चुनाव की तारीख से पहले निपटा लिए जाएंगे या नहीं, यह सवाल बना हुआ है। अगर वैध मतदाता भी मतदान से वंचित रह गए, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? समय पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है। मगर यह भी जरूरी है कि सभी सीटों पर हर पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में कोई भी अपनी भागीदारी के अधिकार से वंचित न हो।

# 25,000 ग्राम पंचायतों तक बीमा कवरेज बढ़ाने की तैयारी, ग्रामीण भारत को मिलेगा सुरक्षा कवच

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार 25,000 ग्राम पंचायतों तक बीमा कवरेज बढ़ाने जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा पहुंच मजबूत होगी। वित्त मंत्री ने बताया कि पंचायत स्तर पर फोकस, 100% त्र्छ्ळ और नए नियमों के जरिए सेक्टर को विस्तार दिया जा रहा है।



केंद्र सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा पहुंच बढ़ाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में घोषणा की कि देशभर में 25,000 ग्राम पंचायतों को बीमा कवरेज के दायरे में लाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य बीमा सेवाओं की पहुंच को गांव-गांव तक विस्तार देना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को अधिक सुरक्षित बनाना है।

वित्त मंत्री ने बताया कि अब ग्राम पंचायत को बीमा कवरेज के लिए प्रमुख इकाई (फोकल यूनिट) बनाया गया है, जिससे आसपास के क्षेत्रों को भी शामिल करते हुए व्यापक कवरेज सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2025 में लाए गए विधेयक के तहत बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाकर 100% कर दी गई है, ताकि निवेश बढ़े और बीमा क्षेत्र का विस्तार तेज हो।

सरकार का यह कदम 2024 में लागू किए गए नए नियमों के बाद आया है, जिनमें भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने ग्रामीण सामाजिक क्षेत्र और मोटर थर्ड-पार्टी बीमा से जुड़े दायित्वों के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर समावेशन को अनिवार्य किया है। इससे दूर-दराज के इलाकों तक भी बीमा सेवाए पहुंच सकेंगी।

### स्वास्थ्य बीमा में हुए कई सुधार

स्वास्थ्य बीमा को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में कई अहम सुधार किए गए हैं। व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर त्र्छ्ळ छूट, कवरेज का विस्तार और नियामकीय समर्थन से इस सेक्टर को मजबूती मिली है।

### क्या कहते हैं आंकड़े?

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, बीमा क्षेत्र वित्त वर्ष 2024-25 में 1.17 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है और देश में 58 करोड़ लोगों को बीमा कवरेज मिल रहा है। सरकार का लक्ष्य इस कवरेज को और व्यापक बनाना है, खासकर ग्रामीण और कमजोर वर्गों के बीच। वित्त मंत्री ने किफायती बीमा योजनाओं के महत्व पर भी जोर दिया।

उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) का उदाहरण देते हुए कहा कि मात्र 436 रुपये सालाना प्रीमियम पर 2 लाख रुपये का जीवन बीमा कवर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे गरीब और वंचित वर्ग भी सुरक्षित हो सके। उन्होंने कहा कि 26.79 करोड़ से अधिक नामांकन और कोविड-19 के दौरान प्रभावी प्रदर्शन के साथ भारत एक अधिक समावेशी, सुलभ और मजबूत बीमा पारिस्थितिकी तंत्र की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# शेयर बाजार में जोरदार तेजी

## सेंसेक्स 567 अंक उछला, निफ्टी 23,581 के पार बंद

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 567.99 अंक उछलकर 76,070.84 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 172.35 अंक की बढ़त के साथ 23,581.15 पर बंद हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 567.99 अंक या 0.75 प्रतिशत बढ़कर 76,070.84 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 172.35 अंक या 0.74 प्रतिशत चढ़कर 23,581.15 पर बंद हुआ।




बैंकिंग और मार्केट एक्सपर्ट अजय बग्गा के मुताबिक, कैश इक्विटी सेगमेंट में एफपीआई ने 9,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की बिकवाली की। इसके बावजूद दिन के अंत में आई तेजी ने बाजार की दिशा बदल दी। वैश्विक संकेत भी सकारात्मक रहे। अमेरिका के बाजार मजबूती के साथ बंद हुए, जहां टेक्नोलॉजी शेयरों को एनविडिया के मजबूत गाइडेंस से सहारा मिला। इसके असर से एशियाई बाजारों की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई। वहीं, रिजर्व बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने उम्मीद के मुताबिक 25 बेसिस प्वाइंट की दर वृद्धि की।

हालांकि, अजय बग्गा ने चेतावनी दी कि कच्चे तेल की स्थिति वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई है। ईरान से जुड़े संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावित होने से कच्चे तेल, एलएनजी और एलपीजी की आपूर्ति बाधित हो रही है।

## बैंकिंग सिस्टम में तरलता की कमी दूर करने के लिए डाले 48014 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश के बैंकिंग सिस्टम में 48,014 करोड़ रुपये की शॉर्ट टर्म लिक्विडिटी यानी अल्पकालिक तरलता डाली है। केंद्रीय बैंक ने सात दिवसीय 'वेरिएबल रेट रेपो' (वीआरआर) नीलामी के जरिए बैंकिंग प्रणाली के लिए इस राशि का इंतजाम किया है। हाल ही में एडवांस टैक्स (अग्रिम कर) के भारी भुगतान के कारण बैंकिंग प्रणाली में नकदी के अधिशेष (सरप्लस लिक्विडिटी) में तेज गिरावट दर्ज की गई थी, जिसके बाद अर्थव्यवस्था में नकदी का प्रवाह संतुलित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी की स्थिति में पिछले कुछ दिनों के भीतर बड़ा बदलाव देखने को मिला है। कॉरपोरेट्स द्वारा एडवांस टैक्स के भुगतान के कारण बैंकों से बड़े पैमाने पर फंड का आउटफ्लो हुआ है। एडवांस टैक्स के भुगतान से पहले, 15 मार्च को बैंकिंग प्रणाली में लगभग 2.08 लाख करोड़ रुपये की भारी अतिरिक्त लिक्विडिटी मौजूद थी। टैक्स आउटफ्लो के ठीक बाद, 16 मार्च को यह अधिशेष तेजी से गिरकर मात्र 75,483.63 करोड़ रुपये पर आ गया।

## रोचक तथ्यों का करंट



- माउंट एवरेस्ट पर 200 मृत शरीर हैं, जो अब शीर्ष के रास्ते पर मौजूद हैं।
- माउंट एवरेस्ट न केवल पर्वतारोहियों की लाशों से बनी है, लेकिन अनुमानित 50 टन कचरा, यह दुनिया का सबसे गन्दा पर्वत बना रहा है।
- ऐतिहासिक रूप से, हर 100 पर्वतारोहियों के लिए जिन्होंने इसे माउंट एवरेस्ट के शिखर तक अपनी पहुँच बनायीं है, 4 की मृत्यु हो गई है।
- माउंट एवरेस्ट पर चढ़ते हुए 65,000 अमेरिकी डॉलर का खर्च आता है। माउंट एवरेस्ट के शीर्ष पर पानी का उबलते बिंदु 71 डिग्री सेल्सियस है।
- माउंट एवरेस्ट प्रत्येक वर्ष 0.1576 इंच (4 मिमी) बढ़ता है।
- माउंट एवरेस्ट तक मार्ग पर उच्च गति वाला इंटरनेट है।
- नेपाल में 2015 भूकंप के कारण माउंट एवरेस्ट ने एक इंच (2.5 सेमी) सिकुड़ गया है।
- माउंट एवरेस्ट को 'ईव-रेस्ट' कहा जाता है, 'एवर-एस्ट' नहीं, जैसा कि इसका नाम जॉर्ज एवरेस्ट के नाम पर है।

# चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा पहली बार 9.5 लाख करोड़ रुपये के करीब

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच व्यापार घाटा पहली बार 102 अरब डॉलर के पर यानी भारतीय मुद्रा में करीब 9,42,492 रुपये पर पहुंच गया है। स्मार्टफोन निर्यात, घटते आयात नियम और एफडीआई नीति में बदलाव के आर्थिक मायने क्या हैं? भारत का निर्यात भले ही हाल के महीनों में अच्छी वृद्धि दर्ज कर रहा हो, लेकिन चीन के साथ व्यापार घाटे ने एक नया और चिंताजनक रिकॉर्ड बना दिया है। चालू वित्त वर्ष खत्म होने में अभी एक महीना बाकी होने के बावजूद, अप्रैल-फरवरी की अवधि के दौरान यह घाटा पहली बार 100 अरब डॉलर के ऐतिहासिक आंकड़े को पार कर गया है। आइए सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं, इस आंकड़े के क्या मायने हैं और इसका आर्थिक प्रभाव क्या होगा?



वाणिज्य विभाग की ओर से जारी हालिया आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-फरवरी के दौरान चीन के साथ व्यापार घाटा 102 अरब डॉलर (करीब 9,42,492 करोड़ रुपये) हो गया है, जो पिछले साल इसी अवधि में 91.1 अरब डॉलर (करीब 8,41,775 करोड़ रुपये) था।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद।**

पत्रांक : मु०चि०अ०/वाहन नीलामी/20262110 दिनांक : 13.03.2026

**वाहन नीलामी सूचना**

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, जनपद गाजियाबाद के अधीन निष्प्रयोज्य 41 नग एम्बूलेंस की एकमुश्त नीलामी की जानी है। यह नीलामी 'जहां है, जैसा है' के अनुसार दिनांक 20.03.2026 को मध्याह 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी प्रांगण में की जायेगी। उक्त नीलामी में केवल आर०वी०एस०एफ० सेन्टर संचालकों को ही सम्मिलित किया जायेगा, नीलामी की अन्य विस्तृत शर्तें कार्यालय में सूचना पट पर देखी जा सकती हैं। यह वाहन जिला एम०एम०जी० चिकित्सालय/महिला चिकित्सालय/जिला संयुक्त चिकित्सालय, संजय नगर, गाजियाबाद में खड़े हैं। बोली का आरम्भ महानिदेशालय द्वारा निर्धारित न्यूनतम एकमुश्त धनराशि से आरम्भ होगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद।

# 'अफवाहों से बचें, घबराएं नहीं, घर पर ही मिलेगा सिलिंडर', सरकार की एलपीजी प्रयोग में किफायत बरतने की अपील

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में आम लोगों से एलपीजी के मसले पर अफवाहों से बचने की अपील की है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव ने दावा किया है लोग पैनिक न करें बुकिंग के बाद उनके घर पर ही मिलेगा सिलिंडर की डिलिवरी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने आगे क्या कहा। आइए विस्तार से जानें।



पश्चिम एशिया में हालिया घटनाक्रमों के कारण वैश्विक आपूर्ति शृंखला में पैदा हुई चिंताओं के बीच, भारत के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने ऊर्जा सुरक्षा पर एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि वर्तमान में देश के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। हालांकि, सरकार ने देश में आम लोगों से एलपीजी के मसले पर अफवाहों से बचने की अपील की है। उन्होंने लोगों से कहा है कि वे घबराएं नहीं। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव ने दावा किया है लोग पैनिक न करें। बुकिंग के बाद उनके घर पर ही मिलेगा सिलिंडर की डिलिवरी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने लोगों से कहा कि वे एलपीजी के इस्तेमाल में किफायत बरतने की कोशिश करें और संभव तो हो पीएनजी का इस्तेमाल शुरू करें।

पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक संघर्ष के बीच भारत सरकार ने ऊर्जा आपूर्ति शृंखला, नागरिकों की सुरक्षा और बाजार स्थिरता को लेकर कड़े कदम उठाए हैं। एक तरफ जहां विदेश मंत्रालय वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए कूटनीतिक प्रयास कर रहा है, वहीं पेट्रोलियम और शिपिंग मंत्रालयों ने घरेलू स्तर पर ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता और लॉजिस्टिक्स के सुचारू संचालन का भरोसा दिया है। आपूर्ति को बाधित करने वाले तत्वों पर भी देशव्यापी कार्रवाई तेज कर दी गई है। ऊर्जा आपूर्ति और कूटनीतिक पहल पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव (मार्केटिंग और ऑयल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने साफ किया है कि देश में पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।। प्राकृतिक गैस की खपत को लेकर उन्होंने बताया कि सरकार के प्रयासों के तहत कमर्शियल एलपीजी उपभोक्ताओं का पीएनजी में शिफ्ट होना अधिक फायदेमंद होगा।

एलपीजी जमाखोरों पर देशव्यापी कार्रवाई बाजार में ईंधन की कृत्रिम कमी रोकने के लिए सरकार ने प्रवर्तन कार्रवाई तेज कर दी है। सुजाता शर्मा के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में देश भर में लगभग 12,000 छापेमारी की गई हैं।




## राशिफल

**मेष :** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष :** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन :** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क :** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह :** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला :** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर :** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ :** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

मोनू अपने दोस्त को समझा रहा था कि जो अमृत पीते हैं, उन्हें देव कहते हैं। जो विष पीते हैं, उन्हें महादेव कहते हैं। और जो गुस्सा पीते हैं, उन्हें 'पतिदेव' कहते हैं।

---

पापा नाश्ता कर रहे थे और अचानक फोन बजा...
पापा- मेरे ऑफिस से होगा, पूछे तो बोल देना मैं घर पर नहीं हूं।
बेटी (फोन उठकर)- पापा घर पर ही हैं।
पापा- अरे मैंने तो कहा था कि मना कर देना।
बेटी- अरे, फोन मेरे लिए था।

---

मिंटू- भाई मुझे हाथ देखना आता है।
चिंटू- अच्छा मेरा देख जरा। मिंटू- तुम्हारी हस्तरेखा बताती है कि तुम्हारे घर के नीचे बहुत धन है। चिंटू- ठीक कहा आपने, मेरे घर के नीचे बैंक की ब्रांच है।

---

टीचर- चांद पर पहला कदम रखने वाले व्यक्ति का नाम बताओ?
मिंटू- नील आर्मस्ट्रांग
टीचर- फिर दूसरा कदम किसने रखा था?
मिंटू- दूसरा भी उसी ने रखा होगा,
आखिर वो लंगड़ा तो था नहीं......

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

18 Mar -26 page 5 17-03-2026 21:29 Page 1






# शांति का समय खत्म, अब सिर्फ इंतकाम होगा : मोजतबा खामेनेई

## अमेरिका-इजरायल को घुटने टेकने पर मजबूर कर देंगे

**ईरान।** ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने मध्य पूर्व में संघर्ष विराम की संभावना को खारिज करते हुए कहा है कि अमेरिका और इजराइल को घुटने टेकने पर मजबूर किया जाएगा और दोनों को हार स्वीकार करके हजार्ना देना होगा। यह बयान अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के उस दावे के कुछ दिनों बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों में मोजतबा गंभीर रूप से घायल हो गए थे और संभवतः उनका शरीर विकृत हो गया था।

रॉयटर्स द्वारा उद्धृत एक ईरानी अधिकारी के अनुसार, सर्वोच्च नेता ने कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि तेहरान अमेरिका और इजराइल से बहुत कठोर और गंभीर बदला लेगा। खबरों के मुताबिक, मोजतबा ने यह भी कहा कि क्षेत्र में शांति के लिए यह सही समय नहीं है। ईरान पर अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमले के दो सप्ताह



बाद भी दोनों पक्षों में लड़ाई जारी रही। इजराइल ने जहां लेबनान में ईरान समर्थक हिजबुल्ला के ठिकानों पर बम वर्षा की वहीं, ईरान ने जवाबी हमले के रूप में इजराइल के अलावा पड़ोसी देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों और तेल अवसंरचना को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। इजरायल द्वारा रविवार देर रात लेबनान की राजधानी बेरूत पर किए गए हमले में धमाकों की गूंज सुनाई दी।

इजरायल ने तेहरान पर भी नए सिरे से हमले शुरू किए, वहीं दुबई को अपने हवाई अड्डे को अस्थायी रूप से बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि एक ईरानी ड्रोन ने ईंधन टैंक को निशाना बनाया था। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजरानी यातायात को भी प्रभावी रूप से रोक दिया है, जिसके माध्यम से दुनिया के 20 प्रतिशत तेल का परिवहन होता है।

**ईरानी अधिकारी के अनुसार, सर्वोच्च नेता ने कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि तेहरान अमेरिका और इजराइल से बहुत कठोर और गंभीर बदला लेगा। खबरों के मुताबिक, मोजतबा ने यह भी कहा कि क्षेत्र में शांति के लिए यह सही समय नहीं है।**

इसकी वजह से वैश्विक ऊर्जा संकट की आशंकाएं बढ़ रही हैं और अमेरिका पर दबाव बढ़ रहा है क्योंकि उपभोक्ता पहले से ही पेट्रोल पंपों पर महंगाई का सामना कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत सोमवार को 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर स्थिर रही। शुरूआती कारोबार में यह 104 अमेरिकी डॉलर पर था, जो 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले के बाद से लगभग 45 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। संघर्ष के दौरान इसकी कीमत लगभग 120 अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गई थी।

# ट्रंप को बड़ा झटका: 'इस्राइल के दबाव में किया ईरान पर हमला'

## अमेरिकी आतंकरोधी एजेंसी के प्रमुख का इस्तीफा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के निदेशक जो केंट ने ट्रंप प्रशासन की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का विरोध करते हुए इस्तीफा दे दिया है। केंट ने कहा कि ईरान से अमेरिका को कोई तत्काल खतरा नहीं था और यह युद्ध इस्राइल के दबाव में शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि वह अपनी अंतरात्मा के खिलाफ इस युद्ध का समर्थन नहीं कर सकते।



अमेरिका में ईरान के साथ चल रहे युद्ध को लेकर ट्रंप प्रशासन को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका के नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के निदेशक जो केंट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि वह ट्रंप प्रशासन की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का समर्थन नहीं कर सकते। केंट ने साफ कहा कि वह इस युद्ध के साथ अपनी अंतरात्मा के अनुसार खड़े नहीं रह सकते, इसलिए उन्होंने पद छोड़ने का फैसला किया।

जो केंट ने सोशल मीडिया पर बयान जारी करते हुए कहा कि ईरान से अमेरिका को कोई तत्काल खतरा नहीं था। उनके मुताबिक यह युद्ध अमेरिका ने अपनी सुरक्षा की वजह से नहीं बल्कि इस्राइल और अमेरिका में उसके प्रभावशाली लॉबी के दबाव में शुरू किया है। केंट ने कहा कि वह ऐसी नीति का समर्थन नहीं कर सकते जिसमें बिना स्पष्ट खतरे के युद्ध छेड़ा जाए।

**ईरान युद्ध को लेकर क्या कहा:** जो केंट ने कहा कि ईरान ने अमेरिका के लिए कोई तत्काल या प्रत्यक्ष खतरा पैदा नहीं किया था। उनके मुताबिक हालात ऐसे नहीं थे कि युद्ध की जरूरत पड़ती। उन्होंने कहा कि मौजूदा संघर्ष में अमेरिका की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। केंट ने यह भी कहा कि युद्ध का फैसला दबाव और राजनीतिक परिस्थितियों के कारण लिया गया।

**कौन हैं जो केंट:** जो केंट अमेरिका के नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के निदेशक थे। इस एजेंसी की जिम्मेदारी दुनिया भर में आतंकवादी खतरों का विश्लेषण करना और उनसे निपटने की रणनीति बनाना होती है।

# चिंता और डर में जी रहे आम लोग, पश्चिम एशिया संघर्ष के 18वें दिन कैसा है हाल

**दुबई।** पश्चिम एशिया में बीते 18 दिनों से बारूद की ढेर पर खड़ा है। सऊदी अरब, यूएई कतर से लेबनान तक अमेरिका-इस्राइल का ईरान के साथ चल रहे युद्ध की कीमत चुका रहा है। मिसाइल-ड्रोन हमलों की दहशत के बीच आम लोग चिंता और खौफ में जीने के लिए मजबूर हैं। आइए जानते हैं कि संघर्ष के 18वें दिन खाड़ी देशों का कैसा हाल है?

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-ब-दिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब 18वें दिन में प्रवेश कर चुका है और अभी भी ईरान की तरफ से इस्राइल और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जोरदार बमबारी जारी है, जिसके चलते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, कतर, ईरान और लेबनान अब सुरक्षा खतरों का सामना कर रहे हैं। **तेल में लगेगी आग:** खर्ग पर हमले के बाद पलटवार के मूड में ईरान, वअए के



तीन बंदरगाहों पर हमले की कर रहा तैयारी

तेज होते हमलों के बीच मंगलवार को यूएई के पूर्वी तट पर स्थित फुजैराह में एक तेल टैंक फार्म में आग लग गई। यह आग ड्रोन हमले के कारण लगी थी। अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ। आग को जल्द से जल्द बुझाने के लिए दमकल और सुरक्षा बल काम कर रहे हैं। इसी घटना के बाद यूएई की सेना ने बड़ा कदम उठाते हुए अपनी वायुमार्ग (एयरस्पेस) कुछ समय के लिए बंद कर दी। उन्होंने कहा कि वे ईरान से मिसाइल और ड्रोन खतरों का जवाब दे रहे हैं। बाद में एयरस्पेस को फिर से खोल दिया गया।

**दुबई में मिसाइल अलर्ट:** यूएई के दुबई में भी मिसाइल चेतावनी भेजी गई। लोगों को तुरंत सुरक्षा के उपाय अपनाने के लिए अलर्ट किया गया।

### तेहरान में रात भर धमाके और बारिश

दूसरी ओर ईरान की राजधानी तेहरान में भी मंगलवार रात धमाकों की आवाजें सुनी गईं। यह हमला भारी बारिश और तूफान के बीच हुआ। लोग डर गए और कई जगहों पर लोग अपने घरों में छिप गए।

## राष्ट्रपति ट्रंप की चीफ ऑफ स्टाफ को ब्रेस्ट कैंसर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चीफ ऑफ स्टाफ को प्रारंभिक ब्रेस्ट कैंसर हो गया है। हालांकि वे इलाज के दौरान भी व्हाइट हाउस से काम करेंगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को घोषणा की कि व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ सुसी वाइल्स को प्रारंभिक अवस्था का ब्रेस्ट कैंसर होने का पता चला है। हालांकि वह इलाज के दौरान भी व्हाइट हाउस से काम जारी रखेंगी। ट्रंप ने इस जानकारी को सोशल मीडिया पर साझा किया। उन्होंने वाइल्स की तारीफ करते हुए कहा कि वे एक भरोसेमंद सलाहकार है। इसके साथ ही उनकी तेजी से ठीक होने की उम्मीद जताई। ट्रंप ने कहा, उनकी मेडिकल टीम शानदार है इलाज के दौरान वह लगभग पूरा समय व्हाइट हाउस में बिताएंगी।"

ट्रंप ने वाइल्स को प्रशासन में अपने सबसे भरोसेमंद सलाहकारों में से एक भी बताया। ट्रंप ने कहा, ह्लउनकी शक्ति और उनकी प्रतिबद्धता, जो वे अपने काम को प्यार से और बेहतरीन तरीके से करती हैं, जबकि इलाज के दौरान भी काम कर रही हैं।

# इस्राइल का आरोप- हिजबुल्ला ने दो हफ्तों में बरसाए 2000 से ज्यादा मिसाइल और ड्रोन

**तेल अवीव।** इस्राइल-हिजबुल्ला के बीच जंग का कहर अब आम नागरिकों को भी अपनी चपेट में ले रहा है। दरअसल, इस्राइल का दावा है कि हिजबुल्ला ने इस्राइली नागरिकों को निशाना बना कर हमले कर रहा है। इसी बीच इस्राइल और हिजबुल्ला की तरफ से एक-दूसरे पर हमले किए जा रहे हैं।

पश्चिम एशिया में इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इस्राइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने दावा किया है कि पिछले दो हफ्तों में हिजबुल्ला ने इस्राइली नागरिकों पर करीब 2,000 मिसाइल, रॉकेट और ड्रोन से हमले किए हैं। उन्होंने कहा कि यह हमले बिना किसी उकसावे के लेबनान की तरफ से किए गए। गिदोन सार ने कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली और ब्रिटेन के नेताओं द्वारा जारी संयुक्त बयान को हकीकत से दूर बताया। इन देशों ने अपने बयान में लेबनान में बढ़ती हिंसा पर चिंता जताई थी और सभी पक्षों से तनाव कम करने तथा बातचीत के जरिए समाधान निकालने की अपील की थी। साथ ही उन्होंने हिजबुल्ला के हमलों की निंदा करते हुए कहा कि नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना गलत है।

**IDF ने हिजबुल्ला के ठिकानों पर किए हवाई हमले:** इस बीच, इस्राइली सेना (आईडीएफ) ने लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए हैं। सेना का दावा है कि दक्षिणी लेबनान के कई लॉन्च साइट्स को निशाना बनाया गया, जहां से रॉकेट दागने की तैयारी हो रही थी। इस्राइल ने बेरूत के कई इलाकों, जैसे हरेट ह्रेक, घोबेइरी और हदाथ, में रहने वाले लोगों को तुरंत घर खाली करने का आदेश भी दिया है।

सेना ने चेतावनी दी है कि इन क्षेत्रों में जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाएगी और जो भी हिजबुल्ला के ठिकानों के पास होगा, उसे निशाना बनाया जा सकता है।



### हिजबुल्ला ने भी इस्राइली सैन्य ठिकानों का बनाया निशाना

दूसरी तरफ, हिजबुल्ला ने भी कहा है कि उसने इस्राइल की सीमा के पास कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इस संघर्ष से न सिर्फ इस्राइल और लेबनान बल्कि पूरे क्षेत्र की शांति और सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय लगातार शांति की अपील कर रहा है।

### लेबनान सरकार हिजबुल्ला को रोकने में नाकाम- सार

लेकिन इस्राइल का कहना है कि इस बयान में उनके नागरिकों के दर्द और नुकसान को नजरअंदाज किया गया है। गिदोन सार ने सवाल उठाया कि क्या इन देशों के नागरिक ऐसे हालात में रहना स्वीकार करेंगे, जहां लगातार मिसाइल हमले हो रहे हों। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देश और एक 'आतंकी संगठन' को एक जैसा बताना गलत है। इस्राइल ने यह भी आरोप लगाया कि लेबनान सरकार हिजबुल्ला को रोकने में नाकाम रही है। उनका कहना है कि अब लेबनान को तुरंत कार्रवाई करके इस्राइल पर हो रहे हमले बंद करवाने चाहिए।






18 Mar -26 page 6 17-03-2026 22:19 Page 1






# बढ़े हुए हाउस टैक्स के विरोध में मेयर को ज्ञापन 20% छूट जारी रखने का आश्वासन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर में कई गुना बढ़ाए गए हाउस टैक्स के विरोध में कविनगर रेजिडेंट्स फेडरेशन (रजिस्टर्ड) के पदाधिकारियों ने मंगलवार को मेयर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

फेडरेशन ने कहा कि गाजियाबाद की जनता लंबे समय से इस वृद्धि का विरोध कर रही है, लेकिन अब तक कोई राहत नहीं मिली है। फेडरेशन ने मेयर से मांग की कि बढ़े हुए हाउस टैक्स से जनता को राहत दिलाई जाए। साथ ही, जब तक इस पर अंतिम निर्णय न हो, तब तक 20 प्रतिशत की छूट जारी रखी जाए और टैक्स जमा न कर पाने की स्थिति में किसी प्रकार की पेनल्टी न लगाई जाए। मेयर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मार्च तक हाउस टैक्स जमा न कर पाने वाले लोगों को अगले वर्ष भी 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी और किसी प्रकार की पेनल्टी नहीं लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जब तक अंतिम निर्णय नहीं होता, तब तक जनता पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाएगा। मेयर ने यह भी स्पष्ट किया कि सही टैक्स जमा करने वालों की हर संभव सहायता की जाएगी, जबकि बिचौलियों के माध्यम से कम टैक्स जमा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। इसके अलावा, जो लोग व्यावसायिक गतिविधियां कर रहे हैं लेकिन घरेलू टैक्स दे रहे हैं, उनसे कमर्शियल टैक्स वसूला जाएगा। बैठक में नगर निगम की जमीनों पर अवैध कब्जों का मुद्दा भी उठाया गया।

मेयर ने कहा कि उनके कार्यकाल में कई कब्जे हटाए गए हैं और आगे भी जहां कहीं अवैध कब्जा होगा, वहां सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय जैन, महामंत्री लाल चंद शर्मा सहित फेडरेशन के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

## वैशाली बिहारी मार्केट से हटा अवैध अतिक्रमण, वसूला 1 लाख का जुर्माना







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली स्थित नगर निगम की बिहारी मार्केट में लंबे समय से चल रहे अवैध अतिक्रमण पर मंगलवार को निगम का डंडा चला। महापौर सुनीता दयाल के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचकर अवैध निर्माण और कब्जे हटवाए। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। पिछले काफी समय से आईजीआरएस और फोन के माध्यम से बिहारी मार्केट में अवैध अतिक्रमण की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए नगर निगम के संपत्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग और जोनल टीम ने संयुक्त रूप से यह छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान न केवल अतिक्रमण हटाया गया, बल्कि प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ भी सख्त रुख अपनाया गया।

कार्रवाई के दौरान यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि नगर निगम ने पूर्व में जिन लोगों को व्यापार के लिए 'ठिये' (अस्थायी जगह) आवंटित किए थे, उन्होंने वहाँ अवैध रूप से पक्की दुकानों का निर्माण कर लिया है। इन आवंटियों द्वारा मनमर्जी से किए गए निर्माणों पर अंकुश लगाने के लिए निगम ने अब योजना तैयार कर ली है।

निरीक्षण के दौरान महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि कई लोगों ने आवंटित दुकानों को व्यावसायिक गतिविधि के बजाय निवास स्थान (घर) में बदल दिया है। यहाँ लोग सपरिवार रहते पाए गए। नगर निगम की अधिकांश संपत्तियों पर अवैध कब्जे की सूचनाएं मिल रही हैं। बिहारी मार्केट में जिन लोगों ने दुकानों को आवासीय बना लिया है, उन्हें 2 दिन का समय दिया गया है। यदि वे स्वयं खाली नहीं करते, तो निगम बलपूर्वक कार्रवाई कर उन्हें खाली कराएगा और उन दुकानों को नए सिरे से किराए पर आवंटित किया जाएगा।

निगम की इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। महापौर ने स्पष्ट किया है कि निगम की संपत्तियों पर अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर संपत्ति अधीक्षक रमाशंकर, सफाई इंस्पेक्टर अशोक कुमार, सफाई नायक संदीप कुमार, आर आई प्रवेश आर आई, कयामुद्दीन आदि कर्मचारी मौजूद रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वो चाहते तो रख सकते थे गोपाल जी का भी ख्याल ? मगर उन्होंने बाकियों की उम्र इग्नोर कर दी ? गोपाल जी की उम्र का बना दिया बवाल ? वो लेकर गए अपने साथ गोपाल भैया का आधार कार्ड ? पार्टी वालों को कराया उनके 63 प्लस होने का एहसास ? बस यहीं से हो गया दावेदारी का पूरा अरमान फेल ? खेलने वाले ने किसी मंझे हुए योद्धा की तरह खेला उनके साथ खेल ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि यूँ ही नहीं फूट कर बाहर आए है चुटिया वाले त्यागी जी के फेसबुक पर दर्द भरे अरमान ? तकलीफ होती अक्सर उस चेहरे को जो करता है ईमानदारी से मेहनत और गुटबाजी की बलि चढ़ जाता है उसका नाम ? बड़े नेताओं को तो बहुत कुछ मिल चुका है ? क्या बिगड़ जाता उनका अगर कोई पद आ जाता सामान्य कार्यकर्ता के हाथ ? फूल को बना दिया बनाने वालों ने अंगारा ? समझो हो चुकी है कोई बड़ी शुरूआत ? फिर कहने वाले कहते है, राजनीति में अच्छे नहीं है चाटुकारिता के हालत ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बल वाले राम के लिए उन्होंने किसी योद्धा की तरह लगाया राजधानी में पूरा बल ? मगर सुना है वो डाल डाल थे और कमांडर पात पात ? इसलिए नहीं निकला इस नाम का हल? उन्होंने ऊपर वालों से कर दिए थे अपने इरादे क्लियर ? कह दिया था, जिसने हमारे और गर्ग साहब के चुनाव में विरोध वाले भूमिका निभाई हो ? अगर उसको कुछ मिला तो धरना दे दिया जाएगा इधर ? नहीं चाहिए मुझे अपनी सिफारिश वाले पाँच ? पहले इनकी चर्चा पर विराम लगायें आप ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम तो सोच रहे थे कि संगठन के महान मंत्री वाले पद पर लिस्ट घोषित होते ही सुनाई देगी शर्मा जिनके नाम की गुंजन ? मगर लिस्ट घोषित होते ही लाई कुछ और ही पैगाम ? हम देखकर हुए हैरान, जब नहीं दिखा उसमे शर्मा जी का नाम ? कहने वाले ने कहा, ये चेहरा है बहुत ही खुद्दार ? जो चाह था वो नहीं मिला ? इसलिए इन्होंने नहीं चुना कोई दूसरा किरदार ? कहने वाले ने कहा, राजनीति में ऐसे कमिटेड चेहरा आजकल कहाँ देखने को मिलते है यार ? कुछ ऐसी भी जो फेविकोल की तरह एक ही पद पर चिपक गए हैं यार ? बंदा हो तो शर्मा जी की ही तरह खुद्दार ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि शर्मा जी की तरह हमे गागर में सागर भरने वाले मिस्टर नागर के प्रमुख पद पर आने की लग रही थी उम्मीद ? मगर सुना है जिन चेहरों ने उनको दिया था भरोसा ? उन्होंने उनके साथ नहीं किया ठीक ? भगवा किंग ने भी किए थे ऊपर के लेवल पर जबरदस्त प्रयास ? मगर बिछाने वालों ने बिछा दी थी तब तक जबरदस्त बिसात ? वो चाहते थे मिस्टर नागर किसी छोटे पद पर जाएँ मान ? मगर नागर जी ने भी यहाँ पर रखा खुद्दारी का ध्यान ? महान मंत्री से नीचे नहीं किया उन्होंने पद को स्वीकार ? उन्होंने ने भी कुबार्नी का जबरदस्त इतिहास लिख दिया यार ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब मैंने गौर से देखी नमित वाली लिस्ट ? सच बताऊँ इसको देखकर मुझे नहीं दिखाई दिया कोई बहुत बड़ा ट्विस्ट ? भगवा कमांडर का इसमें दिखा मुझे जबरदस्त पैगाम ? ऐस लगा जैसे उन्होंने जो फाइनल किए थे वो ही आए है इसमें नाम ? तभी तो पहलवान देते दिख रहे थे योद्धा को बार बार सोशल मीडिया पर देते हुए दिखाई ? करा रहे थे एहसास कि आपने इस लिस्ट में कोई दखल नहीं दी ? इसलिए आपका बहुत बहुत शुक्रिया मेरे भाई?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब हुआ पूर्व वाले चौधरी को इस बात का एहसास ? द यूनियन वालों से उनकी फाइट की दुहाई दिखाकर कोई बिगाड़ रहा है उनकी बात ? अगर ऐसा हुआ तो टीम आने को लेकर उसका खेल हो जाएगा खल्लास ? जैसे हुआ चौधरी को इस बात का एहसास ? उन्होंने कॉल मिला दिया द यूनियन के बहुत बड़े चेहरे के पास ? सुना है इस शिकायत की भगवा हलोकह में सुनाई दे रही गूँज ? मगर अब चिड़िया चुग गई खैत? मामला हो गया है लुंज और पुंज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ने कि रोड़ा वाले भाटियों तक पहुँचा देना मेरा पैगाम ? जब नहीं होती है एकजुटता तब बिगड़ जाते है सारे काम ? लगाने वाले ने तो लगा दिया थे पूरी हैवी वेट ताकत से जोर ? मगर यहाँ पर एकजुटता की कमी से बिखर गई पूरी कहानी ? दोनों के ही कुछ नहीं लगा हाथ ? कहने वाले ने कहाँ इस बात को भविष्य के लिए संकेत मान ले ? अगर एका ना रहा तो भविष्य में भी बिगड़ सकती है बात ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के किस मंडल में गूंज रहा है झंडे वाला किस्सा? सुना है टीम घोषित होने के बाद मंडल के एक महामंत्री ने हटा किया अपनी कार से पार्टी वाला फ्लैग? कहने वाले ने कहा कि इस किस्से के पीछे छुपा है कोई नाराजगी वाला स्वैग? सुना है मंडल के महामंत्री ने हटा दिया अपनी कार से भी स्टीकर? क्या नाराज होकर उठाया है ये कदम या फिर कोई और है रीजन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि खोड़ा में क्या सभासद होने के लिए फूल वालों ने बना दिया है कोई रूल? क्या कुछ चेहरे स्थानीय निवासी वाली बात को दे रहे हैं तूल? कहने वाले ने कहा कि भगवा चौधरी जब रहते हैं वैशाली में तो वो कैसे हो जायेंगे खोड़ा के सभासद? कहने वाले ने कहा कि ऐसा बताओगे रूल तो फिर आ जायेंगे कई चेहरे? यहां पर बताने वाले ने नहीं दिया किसी का नाम? लेकिन एक सिरे से गिना दिये यहां से लेकर वहां तक के कई नाम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने ग्रेटर नोएडा की सरकारी उन्नत प्रयोगशाला का किया शैक्षणिक भ्रमण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान और आधुनिक अनुसंधान तकनीकों से रूबरू कराने के उद्देश्य से, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद के स्कूल ऑफ साइंसेज ने दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का सफलतापूर्वक आयोजन किया। 16 और 17 मार्च 2026 को आयोजित इस कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय के छात्रों ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा की प्रतिष्ठित 'सरकारी उन्नत अनुसंधान प्रयोगशाला' का दौरा किया। इस शैक्षणिक भ्रमण में बी.एससी. (ऑनर्स) बायोटेक्नोलॉजी, बी.एससी. (ऑनर्स) फॉरेंसिक साइंसेज और बी.एससी. (ऑनर्स) पीसीएम के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

स्कूल ऑफ साइंसेज की निदेशक डॉ. ज्योति चौधरी के कुशल मार्गदर्शन में छात्रों ने प्रयोगशाला की जटिल कार्यप्रणाली और उच्च तकनीक वाले उपकरणों का बारीकी से अवलोकन किया। दौरे के दौरान विशेषज्ञों ने छात्रों को कक्षा में सीखे गए सिद्धांतों का वास्तविक जीवन और वैज्ञानिक शोध में अनुप्रयोग समझाया, जिससे छात्रों के शैक्षणिक अनुभव में अभूतपूर्व वृद्धि हुई।

इस कार्यक्रम की सफलता के पीछे विश्वविद्यालय के नेतृत्व का विशेष योगदान रहा। संस्थान के चेयरमैन एवं चांसलर महेंद्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल और प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल के दूरदर्शी विजन ने छात्रों को यह मंच प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो-चांसलर (प्रशासन) विमल कुमार शर्मा व पीयूष श्रीवास्तव, वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) परसंजित कुमार तथा रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन का निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त रहा।

भ्रमण के उपरांत छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि आधुनिक अनुसंधान सुविधाओं को करीब से देखना उनके करियर के लिए बेहद प्रेरणादायक रहा। निदेशक डॉ. ज्योति चौधरी ने बताया कि इस तरह के दौरों का उद्देश्य छात्रों के भीतर वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और उन्हें उद्योग की जरूरतों के अनुसार तैयार करना है।

## नगर निगम हाउस टैक्स पर स्थिति स्पष्ट करे अन्यथा व्यापारी टैक्स जमा नहीं करेंगे : विपिन गोयल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स बढ़ोतरी वापस लेने की घोषणा के बावजूद अब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि शहर के व्यापारी और आम नागरिक किस दर से टैक्स जमा करें। निगम की ओर से स्पष्ट निर्देश न मिलने के कारण लोगों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। युवा उद्योग व्यापार मंडल गाजियाबाद के महानगर अध्यक्ष एवं संजय नगर सेक्टर-23, राजनगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपिन गोयल ने कहा कि नगर निगम को इस विषय में तत्काल स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कई व्यापारी और नागरिक हाउस टैक्स जमा कराने के लिए तैयार हैं, लेकिन यह जानकारी नहीं मिल पा रही कि भुगतान पुरानी दर से होगा या नई दर से। विपिन गोयल ने कहा कि जब निगम बढ़ोतरी वापस लेने की घोषणा कर चुका है तो पुरानी दरों पर ही हाउस टैक्स जमा कराने की प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुरानी दरों पर टैक्स जमा नहीं कराया गया तो व्यापारी और आम नागरिक फिलहाल भुगतान नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नगर निगम के कर्मचारी दुकानों पर पहुंचकर संपत्तिकर वसूली के लिए दबाव बना रहे हैं और मनमाने तरीके से एरिया तय कर बिल बना रहे हैं।

व्यापार मंडल ने मांग की है कि अधिकारी अपनी स्थिति स्पष्ट करें और व्यापारियों का उत्पीड़न बंद करें। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही स्पष्ट आदेश जारी नहीं किए गए तो आंदोलन किया जाएगा।

## खाता न बही, जो आरडब्ल्यूए कहे वही सही—अब नहीं चलेगा : शिवानी जैन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद की जयपुरिया सनरायज ग्रीन सोसायटी की निवासी व उजागर फाउंडेशन की अध्यक्ष शिवानी जैन ने सोसायटी के पिछले 10 वर्षों का ऑडिट सार्वजनिक कराने की मांग की थी। डिप्टी रजिस्ट्रार ने 7 अप्रैल 2025 को सीपीवाई एंड एसोसिएट को ऑडिट का आदेश दिया, लेकिन महीनों बाद भी ऑडिट नहीं हुआ। कंपनी ने आरडब्ल्यूए के सहयोग न करने की बात कही। शिकायत के बावजूद डिप्टी रजिस्ट्रार ने न तो ऑडिट कराया और न ही आरटीआई के तहत सूचना दी। मामला प्रभारी मंत्री असीम अरुण तक पहुंचा, जिसके बाद वित्त मंत्री कार्यालय से भी पत्र जारी हुआ, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंततः शिवानी जैन ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में रिट दायर की। न्यायालय ने प्रथम दृष्टया मामले को सही मानते हुए डिप्टी रजिस्ट्रार, आरडब्ल्यूए और ऑडिट कंपनी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। शिवानी जैन ने डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

## जूडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं जिला खेल कार्यालय गाजियाबाद के तत्वावधान में जिला स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका जूडो प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ शहर विधायक संजीव शर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी अभिषेक कुमार, जूडो एसोसिएशन के सह-सचिव संदीप यादव, उपाध्यक्ष सुनील तेवतिया, यशपाल सिंह, सोहनपाल एवं बॉक्सिंग सचिव राजन चौधरी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में कुल 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जूनियर बालिका वर्ग में 40 किग्रा में कनिका प्रथम, मानसी द्वितीय; 44 किग्रा में जिज्ञासा प्रथम, शगुन पांडे द्वितीय, अंजलि तृतीय; 48 किग्रा में डॉली प्रथम, मोहिनी द्वितीय, तुलिका तृतीय; 52 किग्रा में खुशी प्रथम, दिव्या द्वितीय; 63 किग्रा में माही प्रथम रहीं। जूनियर बालक वर्ग में 55 किग्रा में पवन प्रथम, तनिष्क द्वितीय, देव तृतीय; 60 किग्रा में जतिन प्रथम, शिवम कश्यप द्वितीय, ध्रुव तृतीय, लक्ष्य चौधरी तृतीय; 66 किग्रा में अविनीत तेवतिया प्रथम, अनुराग कुमार द्वितीय; 73 किग्रा में हर्ष सिंह प्रथम, हिमालय चौधरी द्वितीय, शौर्य कुमार तृतीय, हर्ष कश्यप तृतीय; 81 किग्रा में पुनीत अधाना प्रथम, गर्वित द्वितीय तथा +100 किग्रा में अक्षय त्यागी प्रथम रहे।

## बसपा ने किया पूर्व विधायक वहाब चौधरी को पार्टी से निष्कासित



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बहुजन समाज पार्टी ने एक अप्रत्याशित फैसला लेते हुए मुरादनगर के पूर्व विधायक और पार्टी के वरिष्ठ नेता वहाब चौधरी पार्टी से निष्कासित कर दिया। जिला अध्यक्ष मनोज जाटव ने कहा कि वहाब चौधरी पिछले कई महीनों से पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त थे। पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी और केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश के बाद उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि वहाब चौधरी की काफी शिकायतें मिल रही थी। पार्टी में रहते हुए वह पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त थे। कई बार उन्हें इस बारे में सजग किया गया लेकिन वह सुधार करने के लिए तैयार नहीं हुए। पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता के कारण उन्हें कई बार चेतावनी दी गई थी। जिला अध्यक्ष मनोज जाटव ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व और राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती की संस्तुति के बाद उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। बता दें कि वहाब चौधरी मुरादनगर क्षेत्र से बसपा के विधायक थे। उनकी पत्नी मुरादनगर नगर पालिका की अध्यक्ष है।

## आतंकियों से जुड़े हैं जिले के कई युवाओं के तार, पांच हुए चिह्नित

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आतंकी संगठनों ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अपना नेटवर्क फैलाया है। आईएसआई का स्लीपर सेल मॉड्यूल गाजियाबाद से लेकर रामपुर और बरेली तक फैला होने की बात पुलिस जांच में सामने आई है।

इस मामले में पुलिस के सामने पांच और नाम सामने आए हैं। उनके सोशल मीडिया के माध्यम से आतंकी संगठनों से जुड़े होने की बात सामने आई है। सभी की भूमिका की जांच की जा रही है। इसके अलावा पुलिस की जांच में सामने आया है कि रूढ़ीवादी लोग युवाओं का ब्रेन वॉश कर उन्हें दहशतगर्दी की दुनिया में धकेल रहे हैं। ताजा मामला जनपद के मसूरी और कौशांबी क्षेत्र का जहां से महिला सहित 12 दहशतगर्दों को जिले की मॉनिटरिंग सेल के जरिए पकड़ा है। मॉनिटरिंग सेल और खुफिया विभाग को इनकी हरकतों पर नजर रखने के लिए अलर्ट किया गया है।

# मनरेगा के मजदूरों के बकाया भुगतान की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मनरेगा के तहत काम करने वाले श्रमिकों के करीब 2000 करोड रुपए बकाया भुगतान की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन भेजा। कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने सीडीओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि करीब 1 करोड़ परिवारों पर ढाई महीने से मनरेगा के 2000 करोड़ बकाया हैं। इसका भुगतान अविलंब किए जाने की मांग के संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी और कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय के मुख्य गेट पर एकत्र होकर धरना प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि केंद्र की सरकार किसान और मजदूर विरोधी है। भाजपा सरकार ने पिछले ढाई महीने से मनरेगा के मजदूरों को उनका बकाया नहीं दिया है। जिस कारण करीब 1 करोड़ मनरेगा मजदूर परिवार भूखमरी की कगार पर आ खड़े हुए हैं। यह बेहद चिंताजनक है। इसके अलावा मनरेगा योजना की जमीन में स्तर पर लागू करने वाले ग्राम रोजगार सेवकों सहित लगभग 40 हजार संविदा कर्मचारियों को भी पिछले 8 माह से औसत उनका मानदेय भी नहीं दिया गया है। इसके परिवारों को दो जून की रोटी के लिए तरसना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर यह प्रदर्शन किया गया अगर बकाया भुगतान नहीं किया तो कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि अफसोस है कि मजदूर विरोधी केंद्र और राज्य में सत्तारूढ बीजेपी सरकार ने आज तक इन मजदूरों और कर्मचारियों की खोज खबर नहीं ली। मजदूर और कर्मचारियों को हक दिलाने के लिए कांग्रेस कार्यकताओं को सीडीओ कार्यालय पर आंदोलन करने को विवश होना पड़ा।

इस मौके पर कांग्रेस कार्यकताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष सतीश शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष हरेंद्र कसाना, पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, महिला जिला अध्यक्ष डोली त्यागी, मीडिया प्रभारी आशुतोष गुप्ता कोषाध्यक्ष अश्वनी त्यागी, राजेंद्र कुमार शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुबोध शर्मा, यासीन मुल्तान, शिवराज, कृपा शंकर, पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, जयवीर सिंह, रूबी मलिक, किरण, सविता जैसवाल, रामदास शर्मा, सत्य प्रकाश त्यागी, राजेंद्र त्यागी, मोहन सिंह, विनोद धाम, रमेश, वीर, रिजवान मलिक, डॉ बाबूराम आर्य, ममता सिंह, मोहनलाल, मिथुन जायसवाल, केआर वी श्रीवास्तव, शीशपाल, श्याम पोरवाल, आबिद अली, राजीव डासना, इस्माइल हरपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## घरेलू गैस सिलिंडरों के लिए गैस एजेंसी के बाहर लगी लाइन



**मोदीनगर करंट क्राइम।** घरेलू गैस सिलिंडरों के लिए सोमवार को भी गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लं लाइन लगी रही। सिलिंडर के लिए लोग घंटों लाइन में लगे रहे। एलपीजी सिलिंडर की किल्लत से जूझ रहे उपभोक्ताओं का सोमवार का दिन भी लाइन में लग कर गुजरा। नगर के शाहजहांपुर मार्ग स्थित हैप्पी होम भारत गैस गोदाम पर उपभोक्ताओं की लंबी कतार लगी रही। उपभोक्ता सुबह पांच बजे से ही खाली सिलिंडर लेकर लाइन में लग गए। लगभग चार सौ मीटर से अधिक लंबी लाइन के दौरान कई बार हंगामे की नौबत आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया। उपभोक्ता मनोज कुमार ने बताया कि गैस सिलिंडर लेने के लिए चार दिन से चक्कर काट रहे है मगर नहीं मिल रहा है। अगर घर में सिलिंडर खत्म हो गया तो परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होने कुछ लोगों पर गैस की कालाबाजारी करने का आरोप लगाया।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

Dinesh Kumar Goel · Follow
4h

आज मेरे कार्यालय #RKGITM गाजियाबाद पर आए आगंतुकों से शिष्टाचार भेंट एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा।
भारतीय जनता पार्टी जनपद गाजियाबाद के पदाधिकारियो को पटका एवं सम्मान प्रतीक चिन्ह भेंट कर शुभकामनायें दी।
#BJP4UP #bjp4upwest #BJP4IND




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एमएलसी दिनेश गोयल एक बार फिर से फुल फार्म में हैं। वो लगातार लोगों से मिल रहे हैं और जन सम्पर्क कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा की महानगर टीम घोषित होने पर सभी को बधाई दी। एमएलसी दिनेश गोयल के कार्यालय पर जो पदाधिकारी उनसे मिलने गये उन्होंने सभी का स्वागत करते हुए सभी को सम्मान प्रतीक चिन्ह भेंट किया। सम्मान की इस परिपाटी को फेसबुक पर साझा किया। एमएलसी दिनेश गोयल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## शिशुओं के टीकाकरण पर संकट, रोटावायरस और पोलियो वैक्सीन का स्टॉक खत्म

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिले में नवजात और छोटे बच्चों के नियमित टीकाकरण पर संकट खड़ा हो गया है। डायरिया से बचाव के लिए दी जाने वाली रोटावायरस और पोलियो से बचाने वाली निष्क्रिय पोलियोवायरस वैक्सीन का स्टॉक कई स्वास्थ्य केंद्रों पर समाप्त हो चुका है। पिछले करीब 15 दिनों से स्वास्थ्य केंद्रों पर रोटावायरस वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने के कारण अभिभावकों को अपने बच्चों को टीका लगवाने के लिए चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

जिला स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, जिला अस्पताल, संयुक्त जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत हर महीने लगभग 20 से 25 हजार बच्चों को रोटावायरस और पोलियो की डोज दी जाती है, लेकिन हाल ही में दोनों वैक्सीन का स्टॉक खत्म हो जाने से टीकाकरण की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। स्वास्थ्य केंद्रों पर वैक्सीन खत्म होने से अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। कई लोग अपने शिशुओं को लेकर अलग-अलग केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन वहां भी वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने से वापस लौटना पड़ रहा है। यह स्थिति ऐसे समय में सामने आई है जब गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है, इस दौरान डायरिया के मामले भी बढ़ रहे हैं। रोटावायरस के अलावा निष्क्रिय पोलियोवायरस वैक्सीन की भी कमी सामने आई है।

यह टीका इंजेक्शन के रूप में दिया जाता है और बच्चों को पोलियो से सुरक्षा प्रदान करता है। यह वैक्सीन बच्चों को 6 सप्ताह, 10 सप्ताह और 14 सप्ताह की उम्र में दी जाती है, जबकि एक बूस्टर डोज 16 से 18 महीने की उम्र में लगाई जाती है। जिले के संयुक्त जिला अस्पताल समेत कई स्वास्थ्य केंद्रों पर यह वैक्सीन भी खत्म हो चुकी है।


श्री सुनील यादव को
गाजियाबाद नगर निगम में नामित पार्षद
के रूप में मनोनीत होने पर बधाई
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मा. पंकज चौधरी जी
महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल जी
एवं शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
निवेदक :- समस्त कार्यकर्ता भाजपा महानगर (गाजियाबाद)


श्री राजन आर्य को
महानगर उपाध्यक्ष मनोनीत करने पर
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मा. पंकज चौधरी जी
महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल जी
एवं शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
निवेदक :- समस्त कार्यकर्ता भाजपा महानगर (गाजियाबाद)


श्री श्याम शर्मा को
गाजियाबाद नगर निगम में नामित पार्षद
के रूप में मनोनीत होने पर बधाई
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मा. पंकज चौधरी जी
महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल जी
एवं शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
निवेदक :- समस्त कार्यकर्ता भाजपा महानगर (गाजियाबाद)


श्रीमती रनिता सिंह को
महानगर उपाध्यक्ष मनोनीत करने पर
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मा. पंकज चौधरी जी
महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल जी
एवं शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
निवेदक :- समस्त कार्यकर्ता भाजपा महानगर (गाजियाबाद)


श्री संजय रावत को
गाजियाबाद नगर निगम में नामित पार्षद
के रूप में मनोनीत होने पर बधाई
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मा. पंकज चौधरी जी
महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल जी
एवं शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
निवेदक :- समस्त कार्यकर्ता भाजपा महानगर (गाजियाबाद)


श्री विनोद कसाना को
महानगर उपाध्यक्ष मनोनीत करने पर
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मा. पंकज चौधरी जी
महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल जी
एवं शीर्ष नेतृत्व का
हार्दिक आभार
निवेदक :- समस्त कार्यकर्ता भाजपा महानगर (गाजियाबाद)




# रामअवतार जिंदल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर किया आभार व्यक्त



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिक्षाविद रामअवतार जिंदल को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। वो सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये गये हैं। मंगलवार को उन्होंने आभार सभा का आयोजन किया। इस सभा में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और उन्होंने रामअवतार जिंदल का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामअवतार जिंदल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों ने यहां आकर जो मुझपर भरोसा जताया है मैं उस भरोसे पर हमेशा खरा उतरूंगा। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वो राजनीति में जन सेवा के लिए हैं। उन्होंने हमेशा राजनीति में नैतिक मूल्यों और सामाजिक मूल्यों के साथ काम किया है। इस अवसर पर डा. रामअवतार जिंदल ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर का भी आभार व्यक्त किया। इस सभा में बड़ी संख्या में समाज के सभी वर्गों के लोग मौजूद थे। सभी ने डा. रामअवतार जिंदल के नेतृत्व में आस्था जताते हुए कहा कि वह हमेशा से इसी आस्था और विश्वास के साथ काम करेंगे। डा. रामअवतार जिंदल ने सभा के अंत में पुनः सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका सम्पूर्ण जीवन हमेशा से भारतीय संस्कृति, सनातन संस्कृति, समाज के शोषित वर्ग के उत्थान के लिए हैं। वह हमेशा व्यापारी वर्ग के कल्याण के लिए कृत संकल्प हैं।

## शिशुओं के टीकाकरण पर संकट

### रोटावायरस और पोलियो वैक्सीन का स्टॉक खत्म

**गाजियाबाद।** जिले में नवजात और छोटे बच्चों के नियमित टीकाकरण पर संकट खड़ा हो गया है। डायरिया से बचाव के लिए दी जाने वाली रोटावायरस और पोलियो से बचाने वाली निष्क्रिय पोलियोवायरस वैक्सीन का स्टॉक कई स्वास्थ्य केंद्रों पर समाप्त हो चुका है। पिछले करीब 15 दिनों से स्वास्थ्य केंद्रों पर रोटावायरस वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने के कारण अभिभावकों को अपने बच्चों को टीका लगवाने के लिए चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।



जिला स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, जिला अस्पताल, संयुक्त जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत हर महीने लगभग 20 से 25 हजार बच्चों को रोटावायरस और पोलियो की डोज दी जाती है, लेकिन हाल ही में दोनों वैक्सीन का स्टॉक खत्म हो जाने से टीकाकरण की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

स्वास्थ्य केंद्रों पर वैक्सीन खत्म होने से अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। कई लोग अपने शिशुओं को लेकर अलग-अलग केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन वहां भी वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने से वापस लौटना पड़ रहा है। यह स्थिति ऐसे समय में सामने आई है जब गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है, इस दौरान डायरिया के मामले भी बढ़ रहे हैं। रोटावायरस के अलावा निष्क्रिय पोलियोवायरस वैक्सीन की भी कमी सामने आई है। यह टीका इंजेक्शन के रूप में दिया जाता है और बच्चों को पोलियो से सुरक्षा प्रदान करता है।

## होमस्टे नीति से कमरों की कमी दूर, लोगों को मिलेगा अतिरिक्त आय का अवसर : विधायक संजीव शर्मा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश में पर्यटकों को बेहतर आवास सुविधा देने के लिए 'बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति-2025' लागू की गई है। इसके प्रचार-प्रसार हेतु जानकी सभागार, कविनगर में गोष्ठी व प्रजेंटेशन आयोजित हुआ, जिसमें होटल, पीजी व पर्यटन से जुड़े लोगों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि बढ़ते पर्यटकों के कारण होटलों में कमरों की कमी हो रही है, जिसे यह नीति दूर करेगी और लोगों के लिए अतिरिक्त आय का साधन बनेगी।

मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने बताया कि सीकरी महामाया मंदिर, गंगनहर, घूमेश्वर महादेव मंदिर व दूधेश्वरनाथ मंदिर जैसे स्थलों पर भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, जहां होमस्टे से अच्छी आय अर्जित की जा सकती है। पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत ने नीति की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक भवन स्वामियों व पीजी संचालकों से ऑनलाइन पंजीकरण (up-tourismportal.in) करने की अपील की। कार्यक्रम में सिटी मजिस्ट्रेट, जिला सूचना अधिकारी, होटल ऑनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी व आईएचएमटी के प्रोफेसर व छात्र मौजूद रहे।

## अवैध कालोनी काट रहे कालोनाइजरों के मंसूबों पर फेरा पानी, 20 करोड़ की भूमि अतिक्रमण मुक्त

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर मंगलवार को भनौता में अतिक्रमण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। भनौता में करीब 10 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा लिया है।



कालोनाइजर अधिसूचित एरिया में अवैध प्लॉटिंग करने की कोशिश कर रहे थे। नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने कहा है कि ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति को अवैध निर्माण करने की इजाजत नहीं है। ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। उन्होंने अपील की है कि अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं।

दरअसल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण की टीम अवैध कब्जों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि ग्राम भनौता के खसरा संख्या 387 की जमीन पर कालोनाइजर अवैध निर्माण कर कब्जाने की कोशिश कर रहे थे।

## नौकरी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म कर वीडियो बनाया

**मोदीनगर।** नगर की एक कॉलोनी निवासी युवती ने एक मल्टीनेशनल कंपनी के प्रबंधक पर नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोपी ने युवती का अश्लील वीडियो और फोटो बनाकर रिश्तेदारों को वायरल कर दिया। युवती ने थाने में घटना की तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



उक्त कॉलोनी निवासी युवती के अनुसार कुछ समय पूर्व उसकी मुलाकात एक युवक से हुई। युवक ने खुद को एक नामचीन मल्टीनेशनल कंपनी में प्रबंधक बताया। युवक ने युवती को कंपनी में अच्छे पद पर नौकरी लगवाने का ऑफर दिया। आरोपी युवती को साक्षात्कार के लिए कार से अपने साथ ले गया। आरोप है कि आरोपी ने युवती को नशीला पदार्थ देकर कार में दुष्कर्म कर वीडियो फोटो बनाए। आरोपी वीडियो फोटो वायरल करने की धमकी देकर युवती का शारीरिक शोषण करता रहा। युवती ने साहस जुटाकर विरोध किया तो आरोपी ने युवती के अश्लील वीडियो फोटो उसके रिश्तेदारों के पास भेज दिए। घटना से युवती सदमे में आ गई और उसने घर से निकलना बंद कर दिया। आरोपी युवक घटना की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। एसीपी मोदीनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



# 47 हजार मीट्रिक टन गैस लेकर होर्मुज से भारत लौटा 'नंदा देवी'

**नई दिल्ली।** जामनगर के वडीनार (कांडला) पोर्ट पर मंगलवार सुबह एक बड़ा एलपीजी कार्गो लेकर जहाज एमटी नंदा देवी पहुंचा। दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी के चेयरमैन सुशील कुमार सिंह के अनुसार, जहाज सुबह करीब 2:30 बजे पोर्ट के एंकरिज क्षेत्र में पहुंचा।

**एसटीएस प्रक्रिया आज से शुरू :** उन्होंने बताया कि नंदा देवी जहाज 46,500 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आया है, जिसका ट्रांसफर गहरे समुद्र में शिप-टू-शिप प्रक्रिया के जरिए किया जाएगा। इस कार्गो को एमटी जहाज में स्थानांतरित किया जाएगा और यह प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है।

चेयरमैन सुशील कुमार सिंह ने जहाज के कैप्टन और क्रू से मुलाकात कर इस महत्वपूर्ण कार्गो को सुरक्षित पहुंचाने के लिए उनका आभार जताया। साथ ही उन्होंने ट्रांसफर प्रक्रिया के दौरान हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया।




**भारत पहुंचने वाला नंदा देवी दूसरा जहाज :** एमटी नंदा देवी हाल के दिनों में दूसरा भारतीय एलपीजी जहाज है, जिसने सुरक्षित रूप से स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज पार कर भारतीय तट तक पहुंच बनाई है। इससे ऊर्जा आपूर्ति बनाए रखने के प्रयासों को मजबूती मिली है। इससे एक दिन पहले ही एलपीजी कैरियर शिवालिक करीब 40,000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर मुंद्रा पोर्ट पहुंचा था। अधिकारियों के मुताबिक, इस कार्गो का एक हिस्सा मुंद्रा में उतारा जाएगा, जबकि बाकी एलपीजी को मैंगलोर भेजा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में भारतीय जहाजों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जा रही है, ताकि जहाजों और उनके क्रू की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। मौजूदा हालात में यह कदम भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है।

**जहाज से हमारे-आपके घर तक एलपीजी गैस पहुंच कैसे पहुंचती है? :** जहाज से निकलकर एलपीजी का आपके किचन तक पहुंचने का सफर काफी दिलचस्प और व्यवस्थित होता है। इसे हम पोर्ट से चूल्हे तक का सफर कह सकते हैं। ज्यादातर एलपीजी बड़े समुद्री जहाजों के जरिए विदेशों से आते हैं। जहाज बंदरगाह पर रुकते हैं और बड़े पाइपों के जरिए गैस को किनारे पर बने विशाल 'इंपोर्ट टर्मिनल्स' में भेजा जाता है। यहां गैस को बहुत बड़े गोलाकार या बेलनाकार टैंकों में रखा जाता है। इन्हें एलपीजी टर्मिनल कहते हैं।

टर्मिनल से गैस को देश के अलग-अलग हिस्सों में बने 'बोटलिंग प्लांट' तक पहुंचाया जाता है। इसके दो मुख्य तरीके हैं।

एक पाइपलाइन- इसके जरिए जमीन के अंदर बिछी बड़ी पाइपलाइनों के जरिए गैस को सैकड़ों किलोमीटर दूर भेजा जाता है।

दूसरा रोड टैंकर- इसके तहत सफेद रंग के बड़े बुलेट नुमा ट्रक गैस को सड़क मार्ग से प्लांट तक ले जाते हैं।

इसके बाद गैस बोटलिंग प्लांट तक पहुंचते हैं, जहां सिलिंडर भरे जाते हैं।

यह इस सफर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। बोटलिंग प्लांट में गैस को लोहे के सिलिंडरों में भरा जाता है।

सफाई और जांचः खाली सिलिंडरों की बारीकी से जांच की जाती है कि कहीं कोई लीक या डेंट तो नहीं है।

फिलिंगः ऑटोमैटिक मशीनों के जरिए तय वजन (जैसे 14.2 किलो) के अनुसार गैस भरी जाती है।

सीलिंगः गैस भरने के बाद वाल्व पर सुरक्षा कैप लगाई जाती है और उसे सील कर दिया जाता है।

इसके बाद डिस्ट्रीब्यूटर के जरिए एलपीजी गैस सिलिंडर उपभोक्ताओं यानी हमारे आपके घरों तक पहुंचती है।

## चुनाव आयोग का बड़ा फैसला, एक साथ बदले जाएंगे 13 जिलों के एसपी, कुल 19 अफसरों का तबादला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव का एलान होने के बाद से बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल हो चुका है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को भी 19 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किया है। तबादला किए गए अधिकारियों में उत्तर, दक्षिण बंगाल के एडीजी भी शामिल हैं। इससे पहले राज्य के मुख्य सचिव का भी तबादला किया जा चुका है।




### कई जिलों में प्रशासनिक फेरबदल

आईपीएस अधिकारी राजेश कुमार सिंह को दक्षिण बंगाल का नया एडीजी नियुक्त किया गया है। वहीं के जयरामन को उत्तर बंगाल के एडीजी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों 1997 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हैं।

आसनसोल-दुगार्पुर, हावड़ा, बराकपोर और चंदननगर जिलों में भी नए कमिश्नर ऑफ पुलिस की नियुक्ति की गई है। 13 जिलों के पुलिस अधीक्षक भी ताजा फेरबदल में बदले गए हैं।

**मुख्य सचिव और गृह सचिव को भी पद से हटाया गया :** विधानसभा चुनाव की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद निर्वाचन आयोग ने बंगाल की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा को उनके पद से हटा दिया था। आयोग ने साफ किया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक दोनों अधिकारी किसी भी चुनाव संबंधी काम में शामिल नहीं हो सकेंगे। नंदिनी चक्रवर्ती की जगह 1993 बैच के आईएएस अधिकारी दुश्मंत नारियाला को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। 1997 बैच की अधिकारी संघमित्रा घोष को राज्य का नया गृह सचिव बनाया गया है।

**आचार संहिता लागू होने के बाद चुनाव आयोग करता है प्रशासनिक फेरबदल :** चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है, जिसके बाद निर्वाचन आयोग को प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले और नियुक्ति का अधिकार मिल जाता है। निर्वाचन आयोग पहले भी चुनाव के दौरान राज्य के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में बदलाव करता रहा है। गृह सचिव स्तर पर भी पहले परिवर्तन हुए हैं, हालांकि मुख्य सचिव स्तर पर बदलाव सामान्य नहीं रहा है।

### बंगाल में दो चरणों में होंगे चुनाव

294 सदस्यीय पश्चिम बंगाल विधानसभा के चुनाव दो चरणों में होंगे। 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को मतदान होगा और 4 मई को नतीजे घोषित होंगे।

## पूर्व पीएम ने सोनिया गांधी को लिखा पत्र
## संसद में 'अराजकता' पर जताई चिंता, विपक्ष पर लगाए आरोप





**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री और राज्यसभा सांसद एचडी देवगौड़ा ने सोमवार को कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर संसद के भीतर हो रहे हंगामे और सांसदों द्वारा संसद परिसर में किए जा रहे प्रदर्शनों पर गहरी चिंता जताई। अपने पत्र में देवगौड़ा ने कहा कि वह संसद के अंदर और उसके परिसर में बिना सोचे-समझे फैलाई गई अराजकता से काफी परेशान हैं। देवगौड़ा ने इस अराजकता के लिए मुख्य रूप से विपक्षी दलों को जिम्मेदार ठहराया।

**देवेगौड़ा ने सोनिया गांधी की तारीफ की**

**'संसद में नारेबाजी, विरोध प्रदर्शन की घटनाएं बढ़ीं' :** पूर्व पीएम देवेगौड़ा ने पत्र में लिखा, 'मुझे लगता है कि विपक्ष के नेता के नेतृत्व में कांग्रेस सांसदों ने संसद और उसके परिसर में व्यवधान उत्पन्न किए हैं। उन्होंने संसद परिसर में किए जा रहे धरनों और घेराव को अभूतपूर्व करार दिया। हाल के समय में संसद में नारेबाजी, तख्तियां दिखाने और एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने की घटनाएं बढ़ी हैं। गंभीरता की कमी का यह रवैया संसद और संसदीय लोकतंत्र पर आघात करता है।'

**'संसद में इतनी अराजकता कभी नहीं देखी' :** देवेगौड़ा ने लिखा, संसदीय लोकतंत्र की उनकी समझ देश के संस्थापक नेताओं जैसे जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, बी.आर. आंबेडकर और मौलाना अबुल कलाम आजाद से मिली सीख पर आधारित है। देवगौड़ा ने कहा, 'अपने लंबे राजनीतिक अनुभव में मैंने संसद को इस तरह की अराजकता और हल्केपन के साथ पहले कभी नहीं देखा। अपने पूरे करियर में, अत्यधिक उकसावे के बावजूद, मैंने कभी भी विरोध के लिए सदन के वेल में प्रवेश नहीं किया। यही परंपरा हमारे वरिष्ठ नेताओं ने हमें सिखाई थी।'

सोनिया गांधी की तारीफ करते हुए देवेगौड़ा ने कहा कि विपक्ष में लंबे समय तक रहते हुए उन्होंने गरिमा और परिपक्वता के साथ आचरण किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री ने सोनिया गांधी से आग्रह किया कि वह अपने पार्टी नेताओं और अन्य विपक्षी दलों से बात करें और उन्हें समझाएं। उन्होंने कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि आप आवश्यक कदम उठाएंगी।

## ऊना में दलितों की पिटाई के मामले में आठ साल बाद कोर्ट का फैसला
## पांच दोषियों को 5 साल की जेल, 35 बरी

**गिर सोमनाथ।** गुजरात के ऊना में चार दलितों को साल 2016 में सार्वजनिक रूप से कोड़े मारने के मामले में एक विशेष अदालत ने फैसला सुनाया। अदालत ने पांच दोषियों को पांच साल की सजा सुनाई है और प्रत्येक दोषी पर पांच हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। इन दलितों को उस समय पीटा गया था, जब वे कथित रूप से एक मरी हुई गाय की खाल उतारने की कोशिश कर रहे थे।



**दोषियों को कितनी सजा सुनाई गई? :** वेरावल की विशेष अदालत ने इस मामले में सोमवार को पांच लोगों को दोषी ठहराया था। वहीं, 35 लोगों को बरी कर दिया गया था। इस घटना के समय देशभर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। मंगलवार को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत पांच साल की कैद सुनाई।

अधिकतम पांच साल की सजा के अलावा, अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 323 और 324 के तहत तीन साल की जेल, धारा 342 के तहत एक साल की जेल और धारा 504 के तहत दो साल की जेल की सजा भी सुनाई। ये सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

### मामला क्या हुआ था?

यह घटना 11 जुलाई 2016 को गिर सोमनाथ जिले के ऊना कस्बे के पास मोटा समधियाला गांव में हुई थी, जब चार दलित युवक एक गाय की खाल उतार रहे थे, जिसकी मौत पहले किसी अन्य गांव में हो गई थी। वे पारंपरिक रूप से गाय की खाल उतारने का काम करते थे।

## ममता कालिया को साल 2025 का साहित्य अकादमी पुरस्कार

**नई दिल्ली।** हिंदी की वरिष्ठ लेखिका ममता कालिया को साल 2025 का साहित्य अकादमी पुरस्कार देने की घोषणा हुई है। ममता कालिया को यह पुरस्कार उनके संस्मरण 'जीते जी इलाहाबाद' के लिए दिया गया है। साहित्य अकादमी की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक अकादमी द्वारा मान्यता प्राप्त 24 भारतीय भाषाओं में वार्षिक साहित्य अकादमी पुरस्कार दिए जाएंगे। इन पुरस्कारों में आठ कविता संग्रह, चार उपन्यास, छह कहानी संग्रह, दो निबंध, एक साहित्यिक आलोचना, एक आत्मकथा और दो संस्मरण पुस्तकें शामिल हैं।



**ममता कालिया की प्रतिक्रिया :** साहित्य अकादमी पुरस्कार की घोषणा के बाद लेखिका ममता कालिया ने फेसबुक पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि दोस्तों धन्यवाद, शुक्रिया। ऐसा बहुत कम होता है कि हमारे फोन पर ट्रैफिक जाम हो। माफी। आपका प्यार अब प्यार देने से ही पूर्ण होगा। ममता कालिया ने आगे लिखा है कि आप सब की दुआएं मुझे अगली किताब लिखने के लिए उकसाती हैं। साहित्य अकादमी से पुरस्कृत लेखकों के लिए 31 मार्च 2026 को नई दिल्ली में एक भव्य समारोह का आयोजन होगा।

## तीन माह से बड़े बच्चों को गोद लेने वाली महिलाओं को भी मैटरनिटी लीव, सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बच्चे गोद लेने वाली माताओं के लिए एक बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा कि गोद लेने वाली महिलाओं को जन्म देने वाली माताओं के समान ही मातृत्व लाभ प्राप्त करने का अधिकार है। कोई महिला चाहे कितने भी महीने का बच्चा गोद क्यों न ले, उसे 12 हफ्ते की मातृत्व अवकाश मिलना चाहिए। बता दें कि इसे पहले 2020 की सामाजिक सुरक्षा संहिता की धारा 60(4) कहती थी कि केवल तीन महीने से छोटे बच्चों को गोद लेने वाली माताओं को ही 12 हफ्ते की छुट्टी मिलेगी।

इससे बड़े बच्चे को गोद लेने वाली माताओं को मातृत्व लाभ नहीं मिलता था। सुप्रीम कोर्ट ने इसे अनुचित और संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 21 (जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार) का उल्लंघन बताया।

**अदालत ने क्या कहा?**



- गोद लेने वाली माताओं और जैविक माताओं के बीच अंतर तो है, लेकिन सभी माताओं को समान अधिकार मिलना चाहिए।

- परिवार बनाने के गैर-जैविक तरीके (जैसे गोद लेना) भी उतने ही कानूनी हैं जितने जैविक तरीके।

- गोद लिया बच्चा जैविक बच्चे से अलग नहीं होता।

- मातृत्व अवकाश एक मूलभूत मानवाधिकार है।

- अदालत ने केंद्र सरकार से कहा कि पितृत्व अवकाश को भी सामाजिक सुरक्षा का हिस्सा बनाया जाए।

- पितृत्व अवकाश पर भी कोर्ट की टिप्पणी

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि केंद्र सरकार पितृत्व अवकाश को भी सामाजिक सुरक्षा का हिस्सा मानते हुए कानून में शामिल करे। इसका मतलब है कि अब पिता को भी बच्चे की देखभाल के लिए छुट्टी मिल सकेगी। यह फैसला उस याचिका पर आया जिसमें अधिवक्ता हंसानंदिनी नंदूरी ने चुनौती दी थी।

### मामला कैसे शुरू हुआ?

कर्नाटक की वकील हंसानंदिनी नंदूरी ने इस प्रावधान को चुनौती दी थी। उन्होंने 2017 में दो बच्चों को गोद लिया था, एक साढ़े चार साल की लड़की और उसका दो साल का भाई। जब उन्होंने अपने नियोक्ता से मातृत्व अवकाश मांगा, तो उन्हें बताया गया कि उन्हें प्रत्येक बच्चे के लिए केवल छह सप्ताह की छुट्टी मिलेगी, क्योंकि बच्चे तीन महीने की उम्र की सीमा पूरी नहीं करते।

## 'अस्पताल पर हमले को कोई सही नहीं ठहरा सकता', भारत ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान पर पाकिस्तान के हवाई हमले की भारत ने कड़ी निंदा की है। भारत ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कोई भी धर्म या कानून, अस्पताल पर हमले को सही नहीं ठहरा सकता। अफगान तालिबान सरकार के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि सोमवार शाम को काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल पर हुए हवाई हमले में करीब 400 लोगों की मौत हो गई और 250 से ज्यादा लोग घायल हैं। पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज किया है और कहा कि हमले आतंकी ठिकानों और आतंकवादी ढांचों पर किए गए और आम नागरिकों के ठिकानों को टारगेट नहीं किया गया।

भारत ने बयान जारी कर पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया

भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, 'अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस आपराधिक कृत्य के दोषियों को जवाबदेह ठहराना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अफगानिस्तान में आम नागरिकों को मनमाने ढंग से निशाना बनाने का सिलसिला तुरंत बंद होना चाहिए। भारत शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है, और इस दुखद घड़ी में अफगानिस्तान की जनता के साथ एकजुटता से खड़ा है। हम अफगानिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अपने अटूट समर्थन को भी दोहराते हैं।'




भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा, भारत, एक अस्पताल पर पाकिस्तान के इस निर्मम हवाई हमले की कड़ी निंदा करता है। इस कायराना हमले में बड़ी संख्या में मासूम लोगों की जान गई। पाकिस्तान एक नरसंहार को सैन्य कार्रवाई का चोला पहनाने की कोशिश कर रहा है।

## हरीश को नहीं दिया जा रहा कोई ऑक्सीजन सपोर्ट
## चरणबद्ध तरीके से हटा रहे जीवन रक्षक उपकरण

**दिल्ली।** एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान), नई दिल्ली में गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन निवासी हरीश राणा के मामले में निष्क्रिय इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की प्रक्रिया जारी है। अस्पताल प्रशासन ने निर्णय लिया है कि मंगलवार से हरीश राणा को पानी देना भी बंद कर दिया जाएगा, जो इस प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस निर्णय के साथ ही, धीरे-धीरे जीवन रक्षक उपकरणों को हटाकर उन्हें इस दुनिया से विदा करने की तैयारी की जा रही है।



सोमवार को एम्स में एक मेडिकल कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें निष्क्रिय इच्छामृत्यु की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में यह तय किया गया कि हरीश राणा को अब किसी भी प्रकार का ऑक्सीजन सपोर्ट नहीं दिया जाएगा। अब तक उन्हें केवल ट्यूब के माध्यम से पोषण और हाइड्रेशन प्रदान किया जा रहा था, जिसे भी बंद कर दिया गया है। मंगलवार से पानी देना बंद करने के बाद, पोषण और हाइड्रेशन के लिए लगी ट्यूब पर कैप लगा दिया जाएगा, लेकिन उसे उनके शरीर से हटाया नहीं जाएगा। एम्स के विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम लगातार हरीश राणा के स्वास्थ्य की हर धड़कन और नब्ज पर मॉनिटर के जरिए कड़ी नजर रख रही है।

जीवन रक्षक उपकरणों को चरणबद्ध तरीके से हटाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है।

हालांकि, एम्स अस्पताल प्रशासन ने इस मामले पर आधिकारिक तौर पर कुछ भी कहने से इंकार कर दिया है और कोई भी औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, डॉक्टरों की 5 से 9 सदस्यों वाली एक मल्टीडिसिप्लिनरी टीम सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी किए गए निदेर्शों के अनुसार हर कार्रवाई को अंजाम दे रही है। एम्स के शांत गलियारों में इस समय एक अत्यंत कठिन और भावनात्मक निर्णय की प्रक्रिया चल रही है, जहां चिकित्सा विज्ञान, कानूनी प्रावधान और मानवीय संवेदनाएं एक साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ी हैं।

**यह है मामला :** जुलाई 2010 में हरीश ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में सिविल

## दिल्ली में बड़ा हादसाः रूप नगर में नाले पर बना फुटओवर ब्रिज ढहा
### महिला की दर्दनाक मौत, जर्जर हालत में था पुल



**नई दिल्ली।** रूप नगर इलाके में नाले पर बना एक फुटओवर ब्रिज अचानक भरभराकर गिर गया। इस दर्दनाक हादसे में एक महिला नाले में गिर गई। मौके पर पहुंचे गोताखोरों ने नाले से महिला को निकाल कर पास के अस्पताल में लेकर गई, जहां महिला की मौत हो गई। पुलिस महिला के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना के समय महिला पुल से गुजर रही थी, तभी अचानक ब्रिज का एक हिस्सा ढह गया और वह सीधे नीचे नाले में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी, लेकिन महिला को बचाया नहीं जा सका।

शुरूआती जांच में सामने आया है कि फुटओवर ब्रिज काफी जर्जर हालत में था, जिसे लेकर पहले भी शिकायतें की गई थीं। लेकिन समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 157 दिनों के बाद दिल्ली ने ली राहत की सांस
## बारिश से साफ हुई हवा, ग्रेप एक भी हटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली ने 157 दिनों के बाद सोमवार को राहत की सांस ली, क्योंकि बीते रविवार को हुई बारिश के चलते हवा साफ हो गई है। ऐसे में सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 119 दर्ज किया गया, जो 9 अक्टूबर, 2025 के बाद सबसे कम है। सोमवार को दर्ज 119 एक्यूआई हवा की मध्यम श्रेणी है। इसमें रविवार की तुलना में 56 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर, एनसीआर में फरीदाबाद की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 142 दर्ज किया गया, यह हवा की मध्यम श्रेणी है। वहीं, गुरुग्राम में 129, ग्रेटर नोएडा में 117 और गाजियाबाद में 107 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा, नोएडा की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 100 दर्ज किया गया। यह हवा की संतोषजनक श्रेणी है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सोमवार को हवा उत्तर से उत्तर-पश्चिम दिशा से 16 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चली। वहीं, अनुमानित अधिकतम मिश्रण गहराई 4250 मीटर रही। इसके अलावा, वेंटिलेशन इंडेक्स 30000 मीटर प्रति वर्ग सेकंड रहा।



दूसरी ओर, शाम छह बजे हवा में पीएम10 की मात्रा 107.2 और पीएम2.5 की मात्रा 41.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई। ऐसे में सीपीसीबी का पूवार्नुमान है कि बृहस्पतिवार तक हवा इसी श्रेणी में बरकरार रहेगी।

इसके अलावा, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली-एनसीआर से ग्रेप 1 को तुरंत प्रभाव से हटा दिया है। 14 अक्तूबर, 2025 से यह चरण लागू था।





# लिविंगस्टोन ने टीम से बाहर किए जाने पर निकाली भड़ास, मैकुलम पर क्यों लगाए गंभीर आरोप

इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन ने टीम प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें टीम से बाहर करने के फैसले की जानकारी केवल एक छोटे फोन कॉल से दी गई। लिविंगस्टोन ने कोच ब्रैंडन मैकुलम और रॉब की पर संवाद और सम्मान की कमी का आरोप लगाया।

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन ने टीम प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा कोचिंग सेट-अप में खिलाड़ियों के साथ सही संवाद और सम्मान की कमी है। लिविंगस्टोन ने यह भी संकेत दिया कि मौजूदा व्यवस्था में उनकी इंग्लैंड टीम में वापसी मुश्किल हो सकती है। इंटरव्यू में लिविंगस्टोन ने टीम से बाहर किए जाने की प्रक्रिया और उससे जुड़े अनुभवों को साझा किया, जिसने इंग्लैंड क्रिकेट में नई बहस छेड़ दी है।

लिविंगस्टोन ने अपना पिछला अंतरराष्ट्रीय मैच फरवरी 2025 में भारत के खिलाफ खेला था। यह एक टी20 मैच था। इसके बाद से इंग्लैंड के टी20 सेटअप में उनकी जगह विल जैक्स खेल रहे हैं। जैक्स ने हाल ही में हुए टी20 विश्वकप में भी शानदार प्रदर्शन किया था। ऐसे में लिविंगस्टोन की वापसी की उम्मीदें बेहद कम हैं।

लिविंगस्टोन ने बताया कि मार्च 2025 में खराब फॉर्म के कारण उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया था।





## ईसीबी प्रबंधन पर भी उठाए सवाल

लिविंगस्टोन ने इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड के प्रबंध निदेशक रॉब की पर भी संवाद की कमी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'कीसी (रॉब की) ने कुछ नहीं कहा। उन्होंने बस इतना कहा कि गर्मियों में बात करेंगे। मैंने एक दिन उन्हें फोन किया तो उन्होंने कहा कि वह लॉफबोरो में टेस्ट कैंप में व्यस्त हैं। इसके बाद सितंबर के अंत तक उनसे कोई बात नहीं हुई।' लिविंगस्टोन के मुताबिक, यह अनुभव उनके लिए आंखें खोल देने वाला था।

हालांकि, जिस तरीके से उन्हें यह सूचना दी गई, उससे वह काफी हैरान थे। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम का फोन आया और वह कॉल एक मिनट से भी कम समय का था।

लिविंगस्टोन ने कहा, 'मैंने पूछा कि मुझे क्यों बाहर किया गया। उन्होंने कहा कि वे किसी और को मौका देना चाहते हैं। चयनकर्ता ल्यूक राइट ने मुझसे संपर्क नहीं किया और कप्तान हैरी ब्रूक ने सिर्फ एक मैसेज भेजा।' उनका मानना है कि इस घटना ने टीम के माहौल को लेकर उनकी सोच बदल दी।

**'अगर टीम में हो तो सब ठीक, नहीं तो कोई परवाह नहीं'**

इंग्लैंड के इस ऑलराउंडर का कहना है कि मौजूदा टीम माहौल में खिलाड़ियों के साथ व्यवहार काफी अलग-अलग है। उन्होंने कहा, 'उस अनुभव ने मुझे यह एहसास कराया कि अगर आप टीम में हैं तो सब ठीक है, लेकिन अगर आप टीम से बाहर हैं तो किसी को आपकी परवाह नहीं होती।' हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इस अनुभव के बाद उन्होंने अपने खेल का आनंद लेना शुरू कर दिया।

**'तुम बहुत ज्यादा परवाह करते हो'**

लिविंगस्टोन ने 2025 के चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान अपने संघर्षों का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने कोचिंग स्टाफ से मदद मांगी तो उन्हें अलग ही जवाब मिला। उन्होंने कहा, 'मैं मदद मांग रहा था, लेकिन मुझे यही कहा गया कि मैं बहुत ज्यादा परवाह करता हूं और मुझे थोड़ा शांत रहना चाहिए, सब कुछ अपने आप ठीक हो जाएगा।'

# मलिंगा-कोहली या गेल नहीं, डिविलियर्स ने जसप्रीत बुमराह को टी-20 का महानतम खिलाड़ी बताया



**नई दिल्ली।** क्रिकेट कमेंटेटर निखिल ने वीडियो शेयर किया है। उन्होंने बताया कि उन्हें लगा था कि एबीडी वॉटसन, मलिंगा या फिर गेल का नाम लेंगे, लेकिन उन्होंने कुछ ऐसा नाम लिया, जिसे सुनकर वह भी चौंक गए। एबीडी का यह दावा पूरी तरह सही साबित हो रहा है।

टी20 क्रिकेट में महानतम खिलाड़ी को लेकर बहस हमेशा से होती रही है। कोई विराट कोहली को सर्वश्रेष्ठ मानता है, तो कोई क्रिस गेल की विस्फोटक बल्लेबाजी को टी20 का असली चेहरा बताता है। वहीं लसिथ मलिंगा जैसे घातक गेंदबाजों का भी इस फॉर्मेट में बड़ा दबदबा रहा है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने टी20 क्रिकेट के महानतम खिलाड़ी को लेकर एक अलग ही राय दी है। दिलचस्प बात यह है कि खुद डिविलियर्स का नाम भी टी20 के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शुमार हैं। हालांकि, उन्होंने न तो खुद का, न कोहली, न गेल और न ही मलिंगा का नाम लिया। डिविलियर्स ने एक वीडियो में ऐसे भारतीय गेंदबाज को टी20 का सबसे महान बताया, जिसका नाम सुनकर बड़े बड़े बल्लेबाज कांप जाते हैं। क्रिकेट कमेंटेटर निखिल उत्तमचंदानी ने एक पुराना वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के कैप्शन में निखिल ने लिखा, इसे विवादित नहीं कहूंगा, लेकिन लोग इस पर ताने जरूर मारेंगे। मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह टी20 के सर्वकालिक महान खिलाड़ी हैं।' इसके बाद डिविलियर्स ने चुटकी लेते हुए कहा, 'हालांकि, मुझे गेंदबाजी करते हुए महान नहीं हैं।'

**डिविलियर्स ने बुमराह की खासियत बताई**

मिस्टर 360 डिग्री नाम से मशहूर डिविलियर्स ने वीडियो में बुमराह की खासियत भी बताई। एबीडी ने कहा, 'उनकी कंसिस्टेंसी शानदार है। 20 ओवर के खेल में किसी भी परिस्थिति में वह गेंदबाजी कर सकते हैं और भारी दबाव में विकेट निकालने की भी उनमें गजब की क्षमता है। चाहे नई गेंद हो या पुरानी गेंद, वह किसी से भी गेंदबाजी कर सकते हैं। सुपर ओवर हो तो उन्हें गेंद थमा दो और वह आपको जीत दिला देंगे। यही हैं जसप्रीत बुमराह।'

**आकिब जावेद का बेतुका बयान**

एक तरफ जहां टी20 के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शुमार डिविलियर्स बुमराह को सर्वकालिक महान बता रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान के सीनियर चयनकर्ता आकिब जावेद ने बेतुका बयान दिया था। आकिब जावेद ने बुमराह की अनोखी गेंदबाजी एक्शन की तारीफ करते हुए उनकी तुलना पाकिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर उस्मान तारिक से कर दी। हालांकि यह तुलना क्रिकेट फैंस को पसंद नहीं आया और आकिब की खूब आलोचना हुई। फैंस का कहना था कि बुमराह जैसे विश्वस्तरीय तेज गेंदबाज की तुलना एक अपेक्षाकृत कम चर्चित खिलाड़ी से करना बेतुका है।



# सनराइजर्स हैदराबाद के शुरूआती मैच नहीं खेलेंगे कमिंस

**हैदराबाद।** आईपीएल 2026 के शुरूआती मुकाबलों में सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस के खेलने पर संशय है क्योंकि वह पीठ की चोट से उबर रहे हैं। ऐसे में टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी अभिषेक शर्मा या ईशान किशन को मिल सकती है। दोनों ही खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं और टीम प्रबंधन फिलहाल अंतरिम कप्तान को लेकर फैसला करने की प्रक्रिया में है।

सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस फिलहाल पीठ की चोट से जूझ रहे हैं और इसी कारण वह आईपीएल 2026 के शुरूआती मैचों से बाहर रह सकते हैं। ऐसे में सनराइजर्स के लिए परेशानियों बढ़ गई हैं। टीम को ये विचार करना है कि कमिंस की गैरमौजूदगी में टीम की कमान कौन संभालेगा। इसमें दो नाम रेस में सबसे आगे हैं। आइए जानते हैं...

कमिंस ने दिसंबर 2025 में एडिलेड में खेले गए तीसरे एशेज टेस्ट के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। वेस्टइंडीज दौरे के बाद उन्हें पीठ के निचले हिस्से में लम्बर बोन स्ट्रेस इंजरी हो गई थी, जिसके चलते उन्हें लंबे समय तक मैदान से दूर रहना पड़ा। इसी चोट के कारण वह एशेज सीरीज के बाकी मुकाबलों और



आईसीसी टी20 विश्व कप से भी बाहर हो गए थे।

कमिंस की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी के लिए रेस में दो भारतीय खिलाड़ी, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन सबसे आगे बताए जा रहे हैं। दोनों ही खिलाड़ी टीम के अहम सदस्य हैं और हाल के समय में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। ईशान किशन आईपीएल 2025 से सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा हैं।

उन्होंने हाल ही में घरेलू क्रिकेट में झारखंड की कप्तानी करते हुए टीम को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब दिलाया था, जिससे उनकी कप्तानी क्षमता भी सामने आई है। दूसरी ओर, अभिषेक शर्मा लंबे समय से हैदराबाद की टीम के साथ जुड़े हुए हैं। वह आईपीएल 2019 से पहले टीम में शामिल हुए थे और तब से लगातार टीम की योजनाओं का अहम हिस्सा बने हुए हैं।

**टी20 विश्व कप में भी दिखाया दम**

दोनों खिलाड़ियों ने हाल ही में टी20 विश्व कप में भी शानदार प्रदर्शन किया था। ईशान किशन ने टूर्नामेंट के दौरान तीन अर्धशतक लगाए थे और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं, फाइनल मुकाबले में अभिषेक शर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए केवल 18 गेंदों में तूफानी अर्धशतक जड़ा था। भारत ने वह मुकाबला 96 रन से जीतकर खिताब अपने नाम किया था।

टीम से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, कमिंस फिलहाल चोट से उबर रहे हैं, लेकिन मैदान पर वापसी से पहले उन्हें फिटनेस टेस्ट पास करना होगा। सूत्र ने कहा, 'फिलहाल पैट कमिंस चोट से उबर रहे हैं, लेकिन उन्हें पहले फिटनेस टेस्ट पास करना होगा। उसके बाद ही वह टीम से जुड़ पाएंगे। जब तक वह पूरी तरह फिट नहीं होते, तब तक टीम मैनेजमेंट यह तय करेगा कि कप्तानी ईशान किशन करेंगे या अभिषेक शर्मा।'

**28 मार्च से SRH का अभियान शुरू**

आईपीएल 2016 की चैंपियन सनराइजर्स हैदराबाद अपने आईपीएल 2026 अभियान की शुरूआत 28 मार्च को करेगी। टीम का पहला मुकाबला बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खेला जाएगा।

यदि कमिंस शुरूआती मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहते, तो अभिषेक शर्मा या ईशान किशन में से किसी एक को पहली बार आईपीएल टीम की कप्तानी करने का मौका मिल सकता है। दोनों ही खिलाड़ियों के लिए यह बड़ी जिम्मेदारी और करियर का अहम मोड़ साबित हो सकता है।

# सीएसके में धोनी के साथ खेलने को लेकर उत्साहित हैं सैमसन, राजस्थान के खिलाफ हावी होंगी भावनाएं

**नई दिल्ली।** संजू सैमसन ने कहा कि उनकी महेंद्र सिंह धोनी से फोन पर कई बार बातचीत हो चुकी है और अब आईपीएल 2026 में सीएसके के लिए उनके साथ खेलना उनके लिए सीखने का बड़ा मौका होगा। सैमसन पहले राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा थे और अब नई टीम के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को उत्साहित हैं।

आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने जा रहे भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा है कि उनकी कई बार फोन पर बातचीत महेंद्र सिंह धोनी से हो चुकी है और अब उनके साथ एक ही टीम में खेलना उनके लिए बड़ा सीखने का मौका होगा।



धोनी से सीखने का मिलेगा मौका'

सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स से सैमसन को ट्रेड किया था और वह इस सीजन सीएसके के लिए खेलेंगे। सैमसन ने कहा कि उन्होंने अब तक धोनी से फोन पर बात की है और उनसे मुलाकात भी हुई है, लेकिन टीम के साथी के रूप में उनके साथ मैदान पर उतरना उनके लिए खास अनुभव रहेगा। उनके मुताबिक, वह इसे एक ऐसे अवसर के तौर पर देख रहे हैं जहां उन्हें धोनी जैसे अनुभवी खिलाड़ी से काफी कुछ सीखने को मिलेगा।

**राजस्थान के खिलाफ मैच में हावी होंगी भावनाएं:** आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने को लेकर सैमसन ने कहा कि वह नई टीम के साथ खेलने को लेकर उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा कि उन्हें प्रशंसकों से जो प्यार और समर्थन मिल रहा है, उसके लिए वह खुद को आभारी महसूस करते हैं और आने वाले सीजन में टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेंगे। इससे पहले सैमसन लंबे समय तक राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा रहे हैं।

# क्या फीफा विश्वकप में नहीं खेलेंगे नेमार

## दो दोस्ताना मैचों के लिए ब्राजील टीम में नहीं किए गए शामिल

**साओ पाउलो।** विश्व कप टीम की घोषणा 18 मई को की जाएगी। टीम का आखिरी अभ्यास मैच 31 मई को रियो डी जनेरियो में पनामा के खिलाफ होगा।

स्टार स्ट्राइकर नेमार को इस महीने अमेरिका में होने वाले दो मैत्री मैचों के लिए ब्राजील की फुटबॉल टीम में नहीं चुना गया है, जिससे उनके विश्व कप में खेलने को लेकर संदेह पैदा हो गया है। ब्राजील के पूर्व कप्तान 34 वर्षीय नेमार अक्टूबर 2023 में चोटिल होने के बाद से पूर्ण फिटनेस हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।



बोले- फीफा विश्वकप खेलने आए तो जिंदगी और सुरक्षा पर हो सकता है खतरा

**फुटबॉलः** ब्राजील 26 मार्च को बोस्टन में फ्रांस के खिलाफ और चार दिन बाद ऑरलैंडो में क्रोएशिया के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगा। ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने सोमवार को कहा, ;यह एक ऐसी टीम है जिसमें उन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जो पूरी तरह से फिट हैं।' ब्राजीली लीग में सैंटोस और कोरिनथियंस के बीच 1-1 से ड्रॉ रहे मैच में नेमार का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था।

नेमार ने साओ पाउलो में एक कार्यक्रम में मीडिया से कहा कि दो मैत्री मैचों के लिए ब्राजील की टीम में शामिल न होने से वह दुखी और निराश हैं, लेकिन उन्हें अभी उम्मीद है कि वह विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने में सफल रहेंगे। उन्होंने कहा, 'मेरा पूरा ध्यान हर अभ्यास सत्र और हर मैच में अच्छा प्रदर्शन करने पर है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम अपना लक्ष्य हासिल करेंगे। अभी अंतिम टीम का चयन होना बाकी है।'

**साल के अंत में लेंगे संन्यास**

नेमार का करियर चोटों की वजह से प्रभावित रहा है। चोट से परेशान नेमार फुटबॉल को अलविदा कहने की सोच रहे हैं। उन्होंने हाल ही में ब्राजील के एक डिजिटल चैनल पर फुटबॉल से संन्यास लेने की संभावना जताई थी। नेमार के इस बयान से फैंस को तगड़ा झटका लगा था। नेमार ने कहा था, 'मुझे नहीं पता कि अब से क्या होगा। मुझे अगले साल के बारे में भी नहीं पता। हो सकता है कि जब दिसंबर आए तो मैं फुटबॉल से संन्यास लेना चाहूं। मैं अब साल दर साल जी रहा हूं।

# चोट ने बिगाड़ी रफ्तार के सौदागर की लय, दो साल में महज छह IPL मैच खेले मयंक यादव

**लखनऊ।** आईपीएल 2026 की शुरूआत 28 मार्च से होने जा रही है। टी20 के इस महाकुंभ का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दुनिया की इस सबसे बड़ी टी20 लीग में खिलाड़ियों को अपना हुनर दिखाने का बेहतरीन मौका मिलता है। इस लीग में शानदार प्रदर्शन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में जगह भी दिलवाता है। रविचंद्रन अश्विन, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या, ग्लेन मैक्सवेल और शॉन मार्श, कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें आईपीएल ने फर्श से अर्श पर पहुंचाया।

इस लीग से कई सितारे उभरते हैं और इन्हीं सितारों में एक नाम ऐसा भी है, जिसने अपनी रफ्तार से दुनिया को हैरान तो किया, लेकिन पिछले कुछ समय से क्रिकेट की चकाचौंध से गायब है। हम बात कर रहे हैं मयंक यादव की। मयंक को आईपीएल में रफ्तार का सौदागर कहा गया। हालांकि, पिछले दो आईपीएल सत्र में वह सिर्फ छह मैच ही खेल सके हैं। उनका ज्यादातर समय बंगलूरू में बीसीसीआई के रिहैब सेंटर में ही बीता है। हालांकि, इस साल इस रफ्तार के सौदागर के पास अपनी छाप छोड़ने का अच्छा मौका है। दो साल चोट से ज्यादातर समय जूझने के बाद, मयंक अब आईपीएल में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



**आईपीएल 2026 में मयंक यादव पर सबकी नजरें होंगी। लखनऊ ने उनका वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह पुरानी लय में दिख रहे हैं। अगर यह गेंदबाज चला तो अच्छे-अच्छे बल्लेबाजों के पसीने छूट सकते हैं। मयंक के फॉर्म में लौटने से टीम इंडिया को भी फायदा होगा।**

## 2025 में सिर्फ दो मैच खेल सके थे

हालांकि, आईपीएल 2025 में मयंक ने लखनऊ के लिए शुरूआती कुछ मैच छोड़ने के बाद वापसी की। उस साल भी मयंक की यही कहानी रही। इस सीजन लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए मयंक ने सिर्फ दो मैच खेले और बैक इंजरी के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए। मयंक की गेंदबाजी में धार और रफ्तार दोनों नजर आई, लेकिन वह दोनों सीजन में खुद को इंजरी से दूर नहीं रख सके। मयंक ने आईपीएल में दो साल में अब तक कुल छह मुकाबले खेले हैं और वह नौ विकेट निकालने में सफल रहे हैं। हालांकि, इंजरी ने मयंक की लय बिगाड़ने का काम किया है। आईपीएल 2024 में मयंक की गेंदबाजी इकोनॉमी 6.98 की रही थी। हालांकि, आईपीएल 2025 में उनकी इकोनॉमी सीधे 12.50 पर पहुंच गई थी। चोट ने उनकी लय पूरी तरह से बिगाड़ कर रख दी।




2024 में मयंक ने किया था आईपीएल डेब्यू

दरअसल, आईपीएल 2022 के ऑक्शन में लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने दिल्ली के एक तेज गेंदबाज पर दांव खेला। 20 लाख के बेस प्राइस में मयंक यादव लखनऊ के खेमे में शामिल हुए। साल 2022 और 2023 में मयंक को अपनी रफ्तार दिखाने का मौका नहीं मिला था। हालांकि, एलएसजी में मयंक को एक ऐसे तेज गेंदबाज के तौर पर तैयार किया जा रहा था, जो बल्लेबाजों के लिए बड़ी परेशानी बनने वाले थे। मयंक को आईपीएल 2024 में पहली बार मौका मिला और उनकी रफ्तार ने हर टीम और बड़े से बड़े बल्लेबाज को चौंका दिया। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने पहले मैच में 27 रन देकर तीन विकेट झटके और प्लेयर ऑफ द मैच बने। दो अप्रैल, 2024 को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ खेले गए मुकाबले में मयंक ने एक गेंद डाली, जिसकी रफ्तार 156.7 किलोमीटर प्रति घंटा थी। यह इस सीजन की सबसे तेज गेंद भी रही।



## मयंक यादव के पिछले 11 मैच

| मैच | गेंदबाजी | तारीख | स्थान | प्रारूप |
|---|---|---|---|---|
| इंडिया ए VS नामीबिया | 2/17 | 06 फरवरी 2026 | बंगलूरू | अन्य टी20 |
| इंडिया ए VS यूएसए | 0/37 | 02 फरवरी 2026 | नवी मुंबई | अन्य टी20 |
| एलएसजी VS पंजाब किंग्स | 0/60 | 04 मई 2025 | धर्मशाला | IPL |
| एलएसजी VS मुंबई इंडियंस | 2/40 | 27 अप्रैल 2025 | वानखेड़े | IPL |
| भारत VS बांग्लादेश | 2/32 | 12 अक्तूबर 2024 | हैदराबाद | T20I |
| भारत VS बांग्लादेश | 1/30 | 09 अक्तूबर 2024 | दिल्ली | T20I |
| भारत VS बांग्लादेश | 1/21 | 06 अक्तूबर 2024 | ग्वालियर | T20I |
| एलएसजी VS मुंबई इंडियंस | 1/31 | 30 अप्रैल 2024 | लखनऊ | IPL |
| एलएसजी VS गुजरात टाइटंस | 0/13 | 07 अप्रैल 2024 | लखनऊ | IPL |
| एलएसजी VS आरसीबी | 3/14 | 02 अप्रैल 2024 | बंगलूरू | IPL |
| एलएसजी VS पंजाब | 3/27 | 30 मार्च 2024 | लखनऊ | IPL |

आईपीएल 2024 में मयंक यादव ने कुल चार मुकाबले खेले और सात विकेट निकाले। इन चार मुकाबलों में ही मयंक इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी छाप छोड़ने में सफल रहे। मयंक के आगे बड़े से बड़े बल्लेबाज इस सीजन बेबस दिखाई दिए थे, लेकिन इंजरी ने सारा काम खराब कर दिया। मयंक चोट के चलते आईपीएल 2024 से बाहर हो गए। मयंक अपने शुरूआती दोनों आईपीएल मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे।

मयंक टीम इंडिया में भी चुने गए

हालांकि, चोट से वह अक्तूबर, 2024 में उबर गए और उनकी रफ्तार ने भारतीय चयनकताओं को प्रभावित किया। मयंक को भारतीय टी20 टीम में जगह दी गई। वह अक्तूबर में बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में खेले और पांच विकेट लिए। ऐसा कहा जाने लगा कि भारत को एक नया सितारा मिल गया है। यहां तक कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए उनके चयन की मांग भी होने लगी। इसमें कोई दो राय नहीं थी कि मयंक पर्थ जैसी पिचों पर बेहद घातक साबित हो सकते थे। मयंक उस वक्त सबसे ज्यादा चर्चा में थे।